


# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 345

ग्वालियर, रविवार 04 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## संक्षिप्त समाचार

### दलाई लामा की तस्वीरें रखने पर दो तिब्बती साधुओं तीन साल की सजा

**बीजिंग।** चीनी अधिकारियों ने तिब्बत के प्रमुख बौद्ध आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की तस्वीरें रखने पर दो तिब्बती साधुओं को कम से कम तीन साल जेल की सजा सुनाई है। दलाई लामा 1959 से भारत में रह रहे हैं। 30 साल के एक साधु तेनज़िन धारग्ये को सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों ने कहा कि उनके साथ कई अन्य साधुओं को भी गिरफ्तार किया गया। रिग्त्से उनमें से एक थे। उनकी उम्र के बारे में पता नहीं। तेनज़िन धारग्ये को तीन साल और छह महीने की सजा सुनाई गई, जबकि रिग्त्से को तीन साल की सजा सुनाई गई। दोनों साधु तिब्बती स्वायत्त प्रांत के सेरशुल काउंटी के एक मठ में रहने वाले 250 लोगों में से थे। उनके सेल फोन पर दलाई लामा की तस्वीरें थीं और वे पिछले दो वर्षों से हिरासत में हैं। सूत्र ने कहा, इस साल मई में उन दोनों को दलाई लामा की तस्वीरें लेकर %अलगाववाद% करने का दोषी ठहराया गया। सूत्र ने कहा, वे दोनों सेरशुल काउंटी में पीपुल्स कोर्ट द्वारा दोषी ठहराए गए थे और कोई नहीं जानता कि मुकदमा कितना निष्पक्ष था क्योंकि उनके परिवारों और रिश्तेदारों को उनसे मिलने की अनुमति नहीं थी। तिब्बती लोगों को चीनी अधिकारियों द्वारा धमकी दी जाती है, इसलिए वे उनके बारे में कोई जानकारी साझा नहीं करते हैं, इसकारण हम उनके स्वास्थ्य के बारे में नहीं जानते हैं या उन्हें किस जेल में बंद किया गया है। 2011 से, चीनी सरकार आक्रामक रूप से हर घर का निरीक्षण कर रही है और तिब्बतियों को धमका रही है, उन्हें बता रही है कि दलाई लामा की तस्वीरें रखना हथियार रखने के समान ही घोर अपराध है।

### बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत में सेंध की कोशिश

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार प्रदेश की यात्राएं कर रहे हैं। इस बार दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला और पार्टी के पन्ना प्रमुखों से अपील की कि वे %आप% से जुड़ें। केजरीवाल ने कहा, %हमें भाजपा के नेता नहीं चाहिए। हमें भाजपा के पन्ना प्रमुख, कार्यकर्ता चाहिए, ये बड़ी संख्या में हमारे से साथ जुड़ रहे हैं।% उन्होंने कहा, %अगर आप सभी लोग भाजपा में रहो, काम हमारे लिए करो। कई लोगों को भाजपा पेमेंट करती है, पेमेंट भी वहीं से लो, हमारे पास पैसे नहीं है, लेकिन काम आम आदमी पार्टी के लिए करो।% इस दौरान उन्होंने गुजरात के लोगों को मुफ्त बिजली, इलाज और शिक्षा का वादा दोहराया। की सबसे बड़ी ताकत उसका ग्राउंड जीरो पर माइक्रो लेवल का मैनेजमेंट है। पार्टी के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ बहुत छोटे स्तर का कार्यकर्ता भी काम करता है। इसी के तहत %पन्ना प्रमुख% को 30 कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी दी जाती है। उसका काम पर इन्हीं तीस वोटों पर फोकस करने का रहता है। वह फोन से, या व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात कर 30 तीस वोटर्स को भाजपा के पक्ष में मतदान कराने की जिम्मेदारी उठाता है। जब तक ये मतदाता मतदान स्थल तक नहीं पहुंच जाते, तब तक %पन्ना प्रमुख% का काम नहीं खत्म होता। केजरीवाल ने कहा, %मुझे जानकारी मिली है कि भुज में भाजपा की सभा में जितनी बसें गई थीं, उन बस ड्राइवरों और कन्डक्टर्स ने वापस आते समय लोगों को परिवर्तन लाने के लिए कहा है। आप 3 महीने तक यही करते रहें। मैं एहसान फ़रामोश नहीं हूं। हमारी सरकार बनते ही एक महीने में आप की सभी मांगें पूरी करूंगा।

### पत्नी को वापस लाने का वादा पूरा नहीं कर पाया तो पति ने कर दी तांत्रिक की हत्या

**जाजपुर।** ओडिशा के जाजपुर जिले में एक व्यक्ति ने तांत्रिक की इसलिए हत्या कर दी क्योंकि वह अपने वादे के मुताबिक उसकी पत्नी को वापस नहीं ला पाया। पुलिस ने बताया कि शांतनु बेहरा और उसकी पत्नी में काफी दिनों से विवाद चल रहा था, इसलिए वह अपने माता-पिता के घर अपने बच्चों को लेकर चली गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शांतनु ने अपनी पत्नी को वापस लाने के लिए तांत्रिक की मदद मांगी थी। आरोपी ने तांत्रिक को बताया कि उसकी पत्नी कई महीनों से बच्चों को साथ लेकर अपने मायके चली गई है, उसे वापस लेकर आना है। तांत्रिक ने इसके लिए आरोपी की मदद का आश्वासन दिया। शांतनु बेहरा जाजपुर जिले के सुकिंडा थाना इलाके के बांधगांव में रहता है। उसने पत्नी को घर वापस लेने के लिए तांत्रिक को इसके लिए 5000 रुपए दिए। शुक्रवार को जब बेहरा तांत्रिक के यहां आया तो उसकी कहासुनी हो गई। दरअसल बेहरा ने उससे कहा कि तुम मेरा काम नहीं कर पाए, इसलिए मेरा पैसा वापस करो। इसके बाद दोनों में खूब बहस हुई। गुस्से में आकर बेहरा ने तांत्रिक बाबर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे तांत्रिक की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में बेहरा ने हथियार में प्रयुक्त हथियार के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सुकिंडा पुलिस थाने के इंस्पेक्टर काबुली चरण बारिक ने बताया कि मृतक खानाबदोश था, जो मूल रूप से महाराष्ट्र का रहने वाला था और अपनी पत्नी के साथ किराए के एक मकान में रहता था।

## कोयला तस्करी घोटाला केस में ईडी जांच के दायरे में हैं अभिषेक बनर्जी की तीन कंपनियां

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की 3 कंपनियां पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपए के कोयला तस्करी घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में हैं। इन कंपनियों के नाम लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड, लीप्स एंड बाउंड्स इंफ्रा कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड और लीप्स एंड बाउंड्स मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी है। इन कंपनियों ने जांच एजेंसी का ध्यान तब आकर्षित किया जब जांच एजेंसी ने फंड के कुछ ट्रांसफर का पता लगाया।

लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड और लीप्स एंड बाउंड्स इंफ्रा कंसल्टेंट्स में अभिषेक बनर्जी के माता-पिता अमित और लता बनर्जी निदेशक हैं। लीप्स एंड बाउंड्स मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी, जो एक पार्टनरशिप फर्म है, इसमें अमित और लता बनर्जी नामित भागीदार हैं। इन तीनों संस्थाओं का एक ही



पंजीकृत पता पी-733, ब्लॉक-पी, न्यू अलीपुर कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700053 है। ईडी के सूत्रों ने कहा कि घोटाले के प्रमुख कोयला सरगना अनूप मांझी उर्फ लाला के स्वामित्व वाली एक रियल एस्टेट कंपनी से लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में मुख्य रूप से 4.37 करोड़ रुपये की बड़ी राशि ट्रांसफर की गई थी। एजेंसी के अधिकारी इन तीनों कंपनियों के खातों की जांच कर रहे हैं, ताकि इसी तरह के फर्जी लेनदेन या फंड ट्रांसफर का पता लगाया जा सके। कॉरपोरेट मामलों के केंद्रीय मंत्रालय के तहत रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) के रिकॉर्ड के अनुसार, 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले, अभिषेक बनर्जी खुद लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों में से एक थे। लेकिन 2014 में डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने कंपनी से इस्तीफा दे दिया। अमित बनर्जी 2 जनवरी 2014 को कंपनी के बोर्ड सदस्य के रूप में शामिल हुए। हालांकि, लता बनर्जी 19 अप्रैल, 2012 को अपनी स्थापना के बाद से फर्म से जुड़ी हुई थीं। ईडी के सूत्रों ने कहा कि अभिषेक बनर्जी से शुक्रवार को साढ़े छह घंटे की लंबी पूछताछ के दौरान ईडी ने उनसे उन कंपनियों के साथ उनके जुड़ाव के बारे में पूछताछ की, जिनका वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

## राहुल गांधी लड़ सकते हैं कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव



**नई दिल्ली।** देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करवाने के लिए तैयार है। हालांकि, इससे ठीक पहले उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। गुलाम नबी आजाद सरीखे वरिष्ठ नेता ने चुनाव से ठीक पहले पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वहीं, शशि थरूर, मनीष तिवारी और कार्ति चिदंबरम ने मतदाता सूची जारी करने की मांग कर अपने तेवर दिखा दिए हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व किसके हाथ में जाएगा, इसको लेकर भी पार्टी अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। अब पार्टी के कई लोगों का मानना ??है कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो सकते हैं। राहुल गांधी के शुक्रवार शाम को विदेश यात्रा से लौटने की संभावना है। ऐसा कहा जा रहा है कि कांग्रेस नेताओं के द्वारा उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ने और संगठन की बागडोर स्वीकार करने के लिए मनाने की एक नई कोशिश की जा सकती है। राहुल गांधी ने मई 2019 में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद छोड़ दिया था। यह भी कहा जाता है कि उन्होंने ही पार्टी से कहा कि गांधी परिवार से कोई भी नेतृत्व नहीं संभालेगा। राहुल गांधी के करीबी सूत्र ने इसे दावे को पूरी तरह से खारिज करने से इनकार किया है कि राहुल गांधी इस साल होने वाला राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नहीं लडेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, राहुल के करीबी सूत्र ने कहा, उन्हें मनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, क्योंकि पार्टी के लिए यही एकमात्र अच्छा समाधान है। उनकी सहमति से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि रविवार को महंगाई के खिलाफ दिल्ली में होने वाली रैली और फिर भारत जोड़ो यात्रा कितनी सफल हो पाती है।

### पिता की अस्थियां विसर्जित करके लौटते समय हादसे का शिकार हुआ विमान, पायलट और यात्री दोनों की मौत

**लंदन।** पिता के निधन के बाद उनकी अस्थियां विसर्जित करने गए एक बेटे की भी मौत हो गई। बेटा किराए पर एक प्लेन लेकर अस्थियां विसर्जित करने गया था। लेकिन तभी प्लेन हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में पायलट के साथ उसकी भी जान चली गई। मामला अमेरिका का है। अधिकारियों ने प्लेन को होम मेड बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। 58 साल के ली सेमेन्स्की के पिता का हाल ही में निधन हो गया था। उन्होंने पिता की अस्थियां विसर्जित करने के लिए एक प्लेन किराए पर लिया। प्लेन पानी और हवा में दोनों में ऑपरेट हो सकता था। लेकिन दुर्भाग्य से प्लेन हादसे का शिकार हो गया। जिसके चलते उसमें सवार सेमेन्स्की और 61 साल के पायलट जॉनसन की जान चली गई। हादसे से पहले सेमेन्स्की ने अपने पिता की अस्थियां विसर्जित कर दी थीं। प्लेन लौटते वक्त दुर्घटनाग्रस्त हुआ। घटना बीते रविवार की है। लेकिन अब प्लेन की डिजाइन पर सवाल उठ रहे हैं। उसे घर का बना प्लेन बताया जा रहा है।

### महाराष्ट्र सरकार पर मंडराए संकट के बादल

# चार-पांच विधायक छिटके तो दलबदल कानून के दायरे में आ जाएंगे सीएम शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकर के नेतृत्व वाली सरकार का तख्तापलट कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एकनाथ शिंदे की अगुआई में नई सरकार का गठन किया। नई सरकार को तीन महीने भी नहीं हुए हैं कि एकनाथ शिंदे सरकार मुश्किल में घिरती दिखाई दे रही है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे खेमे के कुछ विधायक पाला बदल कर उद्धव खेमे की ओर जा सकते हैं। ज्ञात हो कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के कुछ विधायकों ने बगावत कर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार को गिरा दिया था और भाजपा के सहयोग से नई सरकार बना ली थी। अब बताया जाता है कि कुछ विधायक सीएम एकनाथ शिंदे से नाराज हैं और वे वापस मूल संगठन में जा सकते हैं।

हाल ही में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान एकनाथ शिंदे खेमे के 9 विधायकों ने मंत्रिपद कि शपथ ली थी। एकनाथ शिंदे खेमे के 31 अन्य विधायक भी मंत्री बनने की लालसा में बैठे हुए हैं। इनमें से सभी विधायक मंत्री बनना चाहता है। इस मांग को पूरा कर पाना संभव नहीं है, इसी वजह से पार्टी दूसरी



बार अपने मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं कर पा रही है। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री नहीं बनाए जाने पर कुछ विधायक एक बार फिर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले मूल संगठन में लौट सकते हैं। आपको बता दें कि असली शिवसेना बनाम नकली शिवसेना की लड़ाई भी अभी चल रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग में लंबित है। ऐसे में अगर एकनाथ शिंदे खेमे से कुछ विधायक वापस मूल संगठन में लौट गए तो दलबदल कानून का खतरा पैदा हो सकता है। दरअसल, शिवसेना के कुल 54 विधायक हैं और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में करीब 40 विधायकों ने पाला बदल लिया था। ऐसे में अगर 3-4 विधायक एकनाथ शिंदे का साथ छोड़ते हैं, तो दलबदल कानून का खतरा पैदा हो जाएगा। विधायकों की नाराजगी को देखते हुए ही दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार नहीं हो पा रहा है, क्योंकि एकनाथ शिंदे यह जानते हैं कि सभी को मंत्री नहीं बनाया जा सकता है। दूसरी तरफ एकनाथ शिंदे का सहयोग कर रही भाजपा को भी मंत्रिमंडल विस्तार से काफी उम्मीदें हैं। भाजपा के कई विधायकों को उम्मीद है उन्हें मंत्रिपद मिल सकता है इसके अलावा छोटी सहयोगी पार्टियां भी मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी चाहती हैं।

### चंद्रभानु गुप्ता ने 60 के दशक में कहा था हेराल्ड पर कोई जांच हो तो बहुत बड़ा खुलासा होगा : संबित पात्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर गांधी परिवार पर जमकर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि चंद्रभानु गुप्ता जी की सफर कहीं रुका नहीं झुका नहीं किताब विगत वर्ष छपी थी। उन्होंने जीवनी 60 के दशक में लिखी थी और उनकी मृत्यु भी हो चुकी है, अब वो जीवनी प्रकाशित हुई है। उसमें नेशनल हेराल्ड के बारे में पढ़ेंगे। अंग्रेजी में एक कहावत है डेजा वू, आपको ऐसा लगेगा हू-ब-हू वैसा ही फिर से रूपांतरित हो रहा है। संबित पात्रा ने बताया कि किताब में उन्होंने कहा था कि नेशनल हेराल्ड की फंडिंग को लेकर बहुत सारे सवाल हम सभी लोगों के मन में उठते रहे हैं। यह स्वतंत्रता संग्रामियों के लिए या भारतवर्ष को प्रतिपादित करने के लिए नहीं है, बल्कि जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी का महिमामंडन करने वाला अखबार है और इसके लिए जो फंडिंग की जाती है, उसमें कुछ गड़बड़ है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि चंद्रभानु गुप्ता ने 60 के दशक में कहा था कि यदि कोई जांच एजेंसी नेशनल हेराल्ड पर जांच खोल ले और उसके पैसे के विषय को देखना शुरू कर दे तो बहुत बड़ा खुलासा हो जाएगा। संबित पात्रा ने कहा कि नेहरू परिवार उस समय भी भ्रष्टाचारी था। उन्हें विरासत में भ्रष्टाचार मिला है। इसका खुलासा चंद्रभानु गुप्ता करते हैं, उनके चार बार के मुख्यमंत्री कहते हैं। संबित पात्रा ने कहा कि किताब में कहा गया है कि नेशनल हेराल्ड की नीति नेहरू परिवार को प्रमोट करने की थी।



## पार्टी वर्करों का उत्पीड़न नहीं रुका तो इस्लामाबाद तक निकालूंगा रैली : इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शहबाज सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं का राजनीतिक उत्पीड़न जारी रहा तो वह इस्लामाबाद तक एक विशाल रैली निकालेंगे। खबरों के मुताबिक देश की सबसे घनी आबादी वाले पंजाब प्रांत के गुजरात में एक जनसभा को संबोधित करते हुए इमरान ने कहा कि उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कार्यकर्ताओं को तब से ही अनावश्यक रूप से निशाना बनाया जा रहा है, जब इस साल अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये उन्हें प्रधानमंत्री पद से हटाया गया था। इमरान ने कहा, 'अगर मौजूदा सरकार ने पीटीआई समर्थकों को निशाना बनाना नहीं बंद किया तो इस्लामाबाद तक आजादी आंदोलन किया जाएगा। मैं आज आपको (पीएमएल-एन नीत सरकार) को आगाह कर रहा हूं कि अगर आपने यह राजनीतिक उत्पीड़न जारी रखा तो हमारा न्याय आंदोलन इस्लामाबाद पहुंचेगा और आपको कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी।' इमरान ने अपने करीबी सहयोगी शहबाज गिल समेत पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं को राजद्रोह के आरोपों में गिरफ्तार किए जाने के बाद से सरकार के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं। पीटीआई के 69 वर्षीय अध्यक्ष ने गिल पर कथित बलपूर्वक कार्रवाई के लिए सरकार की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें नग्न और प्रताड़ित किया गया। इमरान ने कहा, 'सरकार ने पत्रकार जमील फारूकी को भी प्रताड़ित किया। उन्हें नग्न होने के लिए मजबूर कर अपमानित किया गया। हलीम आदिल के खिलाफ भी कई मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

### सेना से जुड़ी खुफिया जानकारी भेज रहा था

# सेना ने पाकिस्तानी जासूस मौलवी को दबोचा

**जम्मू।** सेना ने फिर आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। किश्तवाड़ में रहकर पाकिस्तान के लिए काम कर रहे एक मौलवी को सेना ने दबोच लिया है। 22 वर्षीय मौलवी अब्दुल वाहिद पाकिस्तान के आतंकी संगठन कश्मीरी जांबाज फोर्स के लिए काम कर रहा था। उसका काम किश्तवाड़ से सेना व प्रशासन से जुड़ी खुफिया सूचनाएं एकत्रित कर पाकिस्तान तक पहुंचाना था। मौलवी किश्तवाड़ में एक मदरसे में पढ़ाता है और स्थानीय मस्जिद में मौलवी का काम करता है। उन्होंने बताया कि राजौरी सैन्य शिविर पर फिदायीन हमले के बाद से ही सैन्य खुफिया एजेंसी व जम्मू-कश्मीर पुलिस इसका पता लगाने का प्रयास कर रही थी कि आतंकियों को इस तरह की जानकारी कैसे मिल रही है। इसी जांच के दौरान यह बात सामने आई कि किश्तवाड़ में भी कोई व्यक्ति सैन्य शिविरों, जम्मू-कश्मीर में आतंकी घुसपैठ के कौन-कौन से मार्ग हो सकते हैं, ये जानकारी पाकिस्तान में बैठे कश्मीरी जांबाज फोर्स के सदस्यों को दे रहा है। सेना ने किश्तवाड़ में पहुंच जांच को आगे



बढ़ाया, तब मौलवी अब्दुल वाहिद का पता चला। मदरसे में पढ़ाने व मस्जिद में मौलवी का काम करने वाला यह 22 वर्षीय युवक किश्तवाड़ में सेना की तैनाती, उनके कैंप आदि महत्वपूर्ण जानकारी लगातार पाकिस्तान को भेज रहा है। पुष्टि होते ही सेना ने मौलवी अब्दुल वाहिद को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि प्राथमिक पूछताछ में वाहिद ने यह कबूल लिया है कि वह किश्तवाड़ में बैठ पाकिस्तान के आतंकी संगठन कश्मीरी जांबाज फोर्स के लिए काम करता है। इसके अलावा वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ को भी सेना से संबंधित खुफिया जानकारी दे रहा था।

वाहिद ने बताया कि उसने किश्तवाड़ में तैनात सेना के जवानों की तैनाती, उनके अधिकारियों की तस्वीरें व उनके रोजाना आने-जाने के रास्तों की जानकारी पहुंचाई है। इसके अलावा पाकिस्तान की ओर से किश्तवाड़ में घुसपैठ करने के लिए कौन-कौन से रास्ते हो सकते हैं, इसकी जानकारी दे रहा था। सेना इस बात का पता भी लगा रही है कि किश्तवाड़ में पिछले दिनों सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का जो प्रयास किया गया था, उसमें भी अब्दुल वाहिद का हाथ नहीं।

### तीस जिंदा कारतूसों के साथ सीआईएसएफ जवान लापता

**मुंबई।** देश की सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र और भाभा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की रखवाली कर रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का एक जवान राइफल और तीस जिंदा कारतूस के साथ कल से लापता है. इस खबर से चारों ओर सनसनी फैली है. सीआईएसएफ के इस जवान का नाम मनोज यादव है. बताया जा रहा है कि वह शुक्रवार से लापता है। मनोज यादव शुक्रवार सुबह काम पर आए लेकिन उसके बाद वह अचानक ड्यूटी से गायब हो गए। उसके पास एक एलएमजी राइफल और तीस जिंदा कारतूस है। यादव की तलाश की जा रही है। स्थानीय सीआईएसएफ कर्मी और अधिकारी उम्मीद कर रहे थे कि अचानक हथियारों के साथ गायब हुआ सीआईएसएफ जवान काम पर लौट आएगा। लेकिन समाचार लिखे जाने तक वह नहीं लौटा था।

### 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नोरा फतेही से 6 घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर के 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में जैकलीन फर्नांडीज के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। केस में अब जांच एजेंसियां अभिनेत्री नोरा फतेही की संलिप्तता की भी जांच कर रही हैं। नोरा फतेही से दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) ने जेल में बंद अपराधी सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ की है। इससे पहले, नोरा फतेही का बयान, सितंबर और अक्टूबर 2021 में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 की धारा 50 के तहत दर्ज किया गया था। अभिनेत्री ने बताया था कि उन्हें एक चैरिटी कार्यक्रम के लिए बुकिंग मिली थी। इसी दौरान सुकेश की पत्नी लीना पॉलोज ने नोरा को एक गुच्ची बैग और आईफोन गिफ्ट में दिया था।

## न्यूज़ ट्रैक....

### टीम के दूसरे गेंदबाजों को शाहीन शाह बनने का पूरा-पूरा मौका : मोहम्मद रिजवान

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 में पाकिस्तान को अपने अनुभवी तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की कमी खल रही है। जिस वजह से टीम को भारत के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि अगले ही मैच में हॉन्ग कॉन्ग को 38 रनों पर ढेर कर पाकिस्तानी गेंदबाजों ने टीम को 155 रनों से धमाकेदार जीत दिलाई। इस जीत के बाद टीम के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने कहा कि मौजूदा बॉलिंग अटैक में कोई शाहीन अफरीदी की कमी पूरी नहीं कर सकता, मगर उनके पास अगला शाहीन बनने का मौका है। रिजवान ने कहा ईमानदारी से जवाब दूं, तब इन गेंदबाजों में से कोई शाहीन की कमी पूरी नहीं कर सकता। शाहीन ने पिछले 1-2 साल में जो किया है, उसकी कमी कोई गेंदबाज यहां आके पूरी नहीं कर सकता। मगर हमें एक और शाहीन शाह मिल सकता है, यह हमारे अन्य तेज गेंदबाजों के पास अवसर है। जैसे नसीम शाह का नाम सामने आया है, दाहिनी जान से कर रहा है, हारिस पहले से ही पाकिस्तान टीम का हिस्सा है। यह अवसर है कि हमें 1-2 और शाहीन शाह जैसे गेंदबाज मिल जाए। शाह की सूरत में यह आ रहा है। पाकिस्तान दुनिया में तेज गेंदबाजों के लिए जाना जाता है, मगर मौजूदा अटैक में हमें अगर ऐसा कॉम्बिनेशन मिल गया, तब यह टीम के लिए अच्छा होगा। पाकिस्तान को सुपर 4 में पहुंचने में अहम भूमिका निभाने वाले रिजवान ने भारत के खिलाफ मुकाबले को लेकर कहा यह सबको पता है कि जब भारत और पाकिस्तान भिड़ते हैं, तब हमेशा दबाव होता है। पूरी दुनिया के लोग इस मुकाबले का इंजतार करते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच सभी के लिए एक फाइनल तरह होता है। मुझे लगता है कि हमें जितना हो सके सामान्य मैच बनाए रखने की जरूरत है। पाकिस्तान का आत्मविश्वास अब काफी ऊंचा है और हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी का सामना करने के लिए तैयार है।

# टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने नम आंखों से टेनिस को कहा अलविदा

**न्यूयॉर्क।** पिछले दो दशक से अधिक समय तक टेनिस कोर्ट पर कई कीर्तिमान स्थापित करने वाली सेरेना विलियम्स का यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सफर तीसरे दौर में थम गया। इसके साथ ही उन्होंने नम आंखों से टेनिस को अलविदा कह दिया है, एक अन्य दिग्गज एंडी मरे भी हारकर बाहर हो गए हैं। सेरेना विलियम्स ने पहले ही संकेत दिया था कि यूएस ओपन उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। इस तरह से 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने टेनिस को अलविदा कह दिया। यह दिग्गज खिलाड़ी तीन घंटे से भी अधिक समय तक चले मैच में अजला टॉमलजानोविच से 7-5, 6-7 (4), 6-1 से हार गई। सेरेना ने 5 मैच प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में जब उनका शॉट नेट पर लगा तो उनकी आंखें भी छलक उठी।

उन्होंने मैच के बाद उन्होंने कहा मैं उस हर व्यक्ति की आभारी हूं जिसने सेरेना आगे बढ़ो, कह कर मेरा हौसला बढ़ाया। सेरेना यूएस ओपन में पहली बार 1999 में खेली थी। तब वह केवल 17 साल की थी लेकिन अब वह शादीशुदा है और उनकी पांच साल की बिटिया भी है। सेरेना इस महीने 41 साल



की हो जाएगी। सेरेना विलियम्स ने 2002 में फ्रेंच ओपन में अपना पहला सिंगल्स खिताब जीता। इसके बाद अगले 15 सालों ने इस महान खिलाड़ी ने 23 ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया। सेरेना ने विंबलडन और ऑस्ट्रेलियाई ओपन 7-7 बार जीता है। वहीं, अमेरिकी ओपन में वह 6 बार चैंपियन बनी हैं। इसके अलावा सेरेना तीन बार फ्रेंच ओपन चैंपियन भी बनी हैं। इसके अलावा उनके नाम वुमेंस डबल्स मुकाबलों में 12 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। वह दो बार मिक्स्ड डबल्स में भी चैंपियन बन चुकी हैं। इस बीच मेन्स सिंगल्स में तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन मर्रे को साढ़े तीन घंटे तक चले मैच में माटेओ बेरेटिनी ने 6-4, 6-4, 6-7 (1), 6-3 से हरा दिया। मर्रे ने कहा मैंने धातु का कूल्हा लगवाया है। उसके साथ खेलना आसान नहीं है। यह बहुत मुश्किल है। मैं हैरान हूं कि तब भी मैं एक ऐसे खिलाड़ी को चुनौती पेश कर रहा हूं जो खेल में अपने शीर्ष पर है। जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली 18 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने मैडिसन कीज को 6-2, 6-3 से हराकर पहली बार यूएस ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। गॉफ का सामना अब झांग शुआई से होगा, जिन्होंने रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-4 से हराया।

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान का बयान, भारतीय क्रिकेट टीम को कमाऊ पूत बताया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने हाल ही में कप्तान रोहित शर्मा को लेकर अटपटा बयान दिया था। पूर्व पाक कप्तान की इस बयान पर अभी किरकिरी हो ही रही थी कि उन्होंने एक और हलचल बढ़ा देने वाला बयान दिया है। उन्होंने बातचीत का एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा है, 'लाडला।

शेयर किए वीडियो में उन्होंने भारतीय क्रिकेट के बारे में बातचीत की है। उन्होंने कहा है, आईसीसी और एसीसी दोनों ही भारत को इसलिए ज्यादा पसंद करते हैं, क्योंकि वह उनका कमाऊ बच्चा है। वहीं जब उनसे भारतीय टीम के लिए आईसीसी और एसीसी के सॉफ्ट कॉर्नर के बारे में सवाल किया गया, तब उन्होंने कहा, हमारे मौसरे के अंदर जो कमाऊ पूत होता है, वह सबसे प्यारा होता है, सबसे लाडला होता है और उनकी चुम्मियां ज्यादा ली जाती हैं। हफीज ने कहा, भारतीय टीम जो है, वह एक रेवन्यू मेकिंग देश है, और पूरी दुनिया की जो बाइलेटर सीरीज भी होती हैं, जहां पर उनकी टीम जाती है स्पॉन्सरशिप मिलती है। उनके वारे न्यारे हैं। कार्यक्रम के एंकर ने जब उनसे पूछा कि, 'एक और जवाब दे दें। यह लाडले सिर्फ इस वजह से हैं कि ये अच्छे क्रिकेट खेलते हैं या फिर लाडले इस वजह से हैं कि अच्छा पैसा कमाते हैं? इसपर पूर्व पाक क्रिकेटर ने जवाब देकर कहा, 'दूसरी वाली बात। यानी पाक क्रिकेटर का मानना है कि भारतीय टीम को अच्छी आमदनी की वजह से इज्जत मिलती है।

## हाई एल्टीट्यूड मास्क पहने पाकिस्तान खिलाफ मैंच की तैयारी में जुटे कोहली

**नई दिल्ली।** ब्रेक के बाद मैदान में उतरे विराट कोहली का एक नया ही अंदाज देखने को मिला है। एशिया कप 2022 के अपने पहले मुकाबले में जहां उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाजुक परिस्थितियों में 35 रनों की जुझारू पारी खेली। वहीं हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ उन्होंने अपना पुराना अंदाज दिखाते हुए नाबाद 59 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक चौका एवं तीन बेहतरीन छक्के निकले। टीम का अगला मुकाबला अब एक बार फिर पाकिस्तान के साथ है। दोनों टीमों की भिड़ंत चार सितंबर को होने वाली है। आगामी मुकाबलों को लेकर दोनों टीमों ने कड़ी मेहनत करनी शुरू कर दी है। पाकिस्तान के साथ भिड़ंत को लेकर कोहली भी जमकर मेहनत कर रहे हैं। हालांकि पूर्व भारतीय कप्तान को आगामी भिड़ंत के लिए खास तरीके से तैयारी करते हुए देखा गया है। भारत-पाक भिड़ंत से पहले कोहली के एक प्रैक्टिस सेशन का वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह 'हाई एल्टीट्यूड मास्क' के साथ भागते हुए नजर आ रहे हैं। यह मास्क फेफड़ों की क्षमता का विस्तार और सुधार करने में मदद करता है। यही नहीं इससे स्टेमिना में भी बढ़ोत्तरी होती है। बता दें इस तरह के मास्क को सामान्य तौर पर पर्वतारोही इस्तमाल करते हैं। विराट ने यह मास्क तब पहना था जब वह मैदान का चक्कर लगा रहे थे। हालांकि दौड़ पूरी करने के बाद उन्होंने यह मास्क हटा दिया। इस बीच मैदान में कोहली को टीम के फिजिकल ट्रेनर सोहम देसाई को गाइड करते हुए देखा गया।




## ऑस्ट्रेलियाई टीम को जिम्बाबे ने 141 रन पर समेटा, रयान बर्ल ने झटके पांच विकेट

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप से पहले जिम्बाब्वे की टीम पिछली बार वर्ल्ड चैंपियन टीम ऑस्ट्रेलिया को तगड़ा झटका दिया है। जिम्बाब्वे ने आखिरी वनडे में सितारों से सजी ऑस्ट्रेलियन टीम को 31 ओवर में 141 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सिर्फ डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल भी दहाई का आंकड़ा पार कर सके। टीम के ओपनर वॉर्नर ने 96 गेंदों में 14 चौके और दो छक्के की मदद से 94 रनों की पारी खेली। वहीं, मैक्सवेल ने 22 गेंदों में तीन चौके की मदद 19 रन बनाएं। जिम्बाब्वे की ओर ऑलराउंडर रयान बर्ल ने करिश्माई गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 18 गेंदों में ऑस्ट्रेलिया के आखिरी 5 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया की टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल वॉर्नर, आरोन फिंच, स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और एश्टन एगर जैसे बल्लेबाज जिम्बाब्वे के खिलाफ खेल रहे थे। वॉर्नर और मैक्सवेल के अलावा बाकी बल्लेबाज फेल रहे। कप्तान फिंच ने 5, स्टीव स्मिथ ने 1, स्टोइनिस ने 3 और एगर बिना खाता खोले ही आउट हो गए। एक समय ऑस्ट्रेलियाई टीम 26.3 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 126 रन पर अच्छी स्थिति में दिख रही थी। वॉर्नर और मैक्सवेल के बीच 52 गेंदों में 57 रनों की साझेदारी हो चुकी थी। जिम्बाब्वे के कप्तान रेजिस चकबवा ने रयान बर्ल पर भरोसा जताया। बर्ल ने पहले तीन ओवर में 10 रन देकर पांच विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया के आखिरी 5 विकेट सिर्फ 32 गेंदों के अंदर गिर गए।





न्यूयॉर्क में यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पांचवे दिन ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस रिटर्न शॉट लगाते।

## शाहीन अफरीदी से भारतीय प्रशंसक ने कहा.......आप नहीं खेले, अच्छा लगा, बच गए

**मुंबई।** एशिया कप 2022 में फिर भारत-पाक की भिड़ंत होने वाली है। दोनों टीमें आगामी चार सितंबर को दुबई में आमने-सामने होंगी। इसके पहले इस सीजन में दोनों टीमों की भिड़ंत 28 अगस्त को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में ही हुई थी। इस दौरान ब्लू आर्मी को दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से बड़ी जीत मिली थी। मैच के हीरो भारतीय ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पंड्या रहे थे। उन्होंने टीम के लिए पहले पहल उम्दा गेंदबाजी करते हुए तीन सफलता प्राप्त की। इसके बाद बल्लेबाजी के दौरान महज 17 गेंद में 33 रन की नाबाद विस्फोटक पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। इस मुकाबले में पाक टीम को शाहीन अफरीदी की कमी खूब खली थी। फैंस का मानना है कि अगर वह इस मुकाबले में होते, तब मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था। खैर शाहीन के साथ सोशल मीडिया पर एक भारतीय फैन ने अपना वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में शख्स को अफरीदी के सामने यह कहते हुए सुना जा रहा है कि, 'आप नहीं खेले, अच्छा लगा, बच गए। भारतीय फैंस के इस बात पर पाक पेसर के मुंह से भी हंसी छुट गई। भारतीय फैन ने अफरीदी के साथ इस बातचीत का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर किया है।

## व्यापारन्यूज

### अगस्त में 2 करोड़ करदाताओं को रिफंड जारी, 1.14 लाख करोड़ भेजे गए

**मुंबइ।** अगस्त के महीने में आयकर विभाग ने करीब दो करोड़ आयकरदाताओं को एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के रिफंड जारी किए हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स (सीबीडीटी) के मुताबिक पहली अप्रैल से लेकर 31 अप्रैल के बीच 1.97 करोड़ करदाताओं को 1.14 लाख करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए गए हैं। विभाग के मुताबिक 1.96 करोड़ आयकर दाताओं को 61252 करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया है। वहीं 1.46 लाख मामलों में 53158 करोड़ रुपए का कॉर्पोरेट टैक्स रिफंड जारी किया गया है। सीबीडीटी के मुताबिक सरकार टैक्स सिस्टम को लगातार आसान बना रही है जिससे सभी प्रक्रियाओं में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। विभाग को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 31 जुलाई 2022 तक कुल मिलाकर 5.83 करोड़ आयकर रिटर्न मिले हैं। रिटर्न भरने के आखिरी दिन 72.42 लाख रिटर्न भरे गए, जो कि एक रिकॉर्ड है। 31 जुलाई ही आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख थी। शुरुआत में आईटीआर भरने की गति धीमी थी लेकिन समयसीमा पास आने के साथ इसकी रफ्तार बढ़ती गई और आखिरी दिन रिकॉर्ड 72.42 लाख रिटर्न दाखिल हुए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 72 लाख से अधिक आईटीआर अंतिम तारीख रविवार को एक दिन में भरे गए हैं। इस साल सरकार ने रिटर्न भरने की अंतिम तारीख में कोई बदलाव नहीं किया। अंतिम तारीख के बाद से रिफंड जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई।

### गौतम अडानी को मिलेगा यूएसआईबीसी का वैश्विक नेतृत्व पुरस्कार

**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) ने अडानी समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन गौतम अडानी को वैश्विक नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। यूएसआईडीसी ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि नई दिल्ली में सात सितंबर को होने वाले इंडिया आइडियाज समिट में अडानी को ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड दिया जाएगा। यूएसआईबीसी के इस सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अमेरिका की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रैनहोम के शामिल होने की संभावना है। यह पुरस्कार वर्ष 2007 से ही भारत और अमेरिका के शीर्ष उद्यमियों को द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को सशक्त बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए दिया जाता है।

# सैमसंग ने लांच की फ्लिप और फोल्ड स्मार्टफोन की चौथी सीरीज

### -पुराने दिनों से भविष्य तक का सफर

**नई दिल्ली।** कोरियाई कंपनी सैमसंग ने अपने फ्लिप और फोल्ड स्मार्टफोन की चौथी सीरीज लॉन्च कर दी है।मार्केट में इन फोन्स को सेल्स के मामले में कोई कमाल नहीं किया है, लेकिन भविष्य की टेक्नोलॉजी से आपको रू-ब-रू जरूर कराते हैं.ऐसा ही एक फोन नोकिया ने लॉन्च किया है, जिसका डिजाइन फ्लिप वाला ही है।ये फोन आपको पुराने दिनों की याद दिलाएगा।इस आर्किटल में हम इन दोनों फोन्स को सामान्य तरीके से कंपेयर नहीं कर रहे हैं, क्योंकि ऐसा करना बचकाना लग सकता है।

हम इस टेक्नोलॉजी के सफर पर बात कर रहे हैं।दोनों ही हैंडसेट में हिंज, डुअल स्क्रीन और फ्लिप जैसी कुछ चीजें कॉमन हैं।आइए जानते हैं इन फोन्स के डिजाइन और कॉन्सेप्ट से जुड़ी कुछ खास बातें।बात सबसे पहले नए फोन की करते हैं, जो नया होकर भी पुराना है और कम कीमत वाला है।चर्चा नोकिया 2660 फ्लिप 4जी की हो रही है, जो 4,699 रुपये की कीमत पर लॉन्च हुआ है।इस हैंडसेट में भी आपको एक हिंज, फ्लिप फोन वाला डिजाइन और डुअल स्क्रीन मिलती है.फोन में 1.77-इंच का क्यूक्यूवीजीए एक्सटर्नल डिस्प्ले दिया गया है।इसमें 2.8-इंच का मेन डिस्प्ले मिलता है, जो हिंज के सहारे फोन से जुड़ा हुआ है।इसमें एक सिंपल हिंज मिलता है, जो पुराने जमाने के फ्लिप फोन्स में देखने को मिलता था।यानी फोन भले ही नया हो, लेकिन इसका कॉन्सेप्ट पुराना ही है।यही बात इस हैंडसेट को खास भी बनाती है। नोकिया का यह डिवाइस 4त्त सपोर्ट के साथ आता है।इसमें आप डुअल नैनो सिम कार्ड इस्तेमाल कर सकते हैं।नोकिया 2660 फ्लिप में यूनीसोक टी107 प्रोसेसर दिया गया है।इसमें माइक्रो एसडी कार्ड का सपोर्ट मिलता है।डिवाइस को पावर देने के लिए 1450एमएएच की बैटरी दी गई है.अब बात करते हैं उस फ्लिप फोन की, जो स्मार्टफोन इंडस्ट्री का भविष्य हो सकता है।कंपनी ने तो इसे यही सोचकर लॉन्च किया है।

एक कॉन्सेप्ट के रूप में शुरू हुआ यह स्मार्टफोन अपनी चौथी जनरेशन में पहुंच चुका है।इसमें इस्तेमाल हुआ हिंज एक अंडर डिस्प्ले हिंज है, जिसे विसकित करना कंपनी के लिए काफी मुश्किल था।सेमसंग गेलेक्सी झेड फलीप 4 में सिर्फ हिंज ही नहीं मुड़ता, बल्कि पूरा डिस्प्ले बेंड होता है।ऐसे में कंपनी के सामने एक चुनौती फोल्डेबल या फ्लेक्सिबल डिस्प्ले की थी। जो मुड भी जाए और क्रैक भी नहीं हो।डिस्प्ले के बाद इस छोटे से मैकेनिज्म में पूरे सेटअप को फिट करना था.बैटरी से लेकर दमदार कैमरा, ताकतवर प्रोसेसर और दूसरी कई चीजें इस पूरे सेटअप में भरनी होती है।

# भारत का विदेशी कर्ज मार्च 2022 तक बढ़कर 620.7 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी कर्ज मार्च, 2022 के आ?खिर में एक साल पहले की तुलना में 8.2 प्रतिशत बढ़कर 620.7 अरब डॉलर हो गया। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के इस बाहरी कर्ज का 53.2 प्रतिशत हिस्सा अमेरिकी डॉलर के रूप में है जबकि भारतीय रुपये के रूप में देय कर्ज 31.2 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय ने कहा ?कि भारत का बाहरी कर्ज लगातार बेहतर तरीके से प्रबंधित बना हुआ है। मार्च, 2022 के अंत में इसका आकार 620.7 अरब डॉलर था जो एक साल पहले की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात के रूप में विदेशी ऋण 19.9 प्रतिशत था। विदेशी मुद्रा भंडार और बाह्य ऋण का अनुपात 97.8 प्रतिशत था। हालांकि, बाह्य ऋण के अनुपात के तौर पर विदेशी मुद्रा भंडार का 97.8 प्रतिशत पर होना एक साल पहले के 100.6 प्रतिशत की तुलना में गिरावट को दर्शाता है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि देश का लंबी अवधि का कर्ज 499.1 अरब डॉलर का है जो कुल बाह्य ऋण का 80.4 प्रतिशत है। वहीं 121.7 अरब डॉलर के साथ अल्पावधि ऋण की हिस्सेदारी 19.6 प्रतिशत है। एक साल पहले की तुलना में सॉवरेन ऋण 17.1 प्रतिशत बढ़कर 130.7 अरब डॉलर हो गया जबकि गैर-सॉवरेन ऋण 6.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 490.0 अरब डॉलर रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवासी भारतीयों की जमा राशि दो प्रतिशत घटकर 139.0 अरब डॉलर रह गई जबकि वाणिज्यिक उधारी 5.7 प्रतिशत बढ़कर 209.71 अरब डॉलर और अल्पावधि का व्यापार ऋण 20.5 प्रतिशत बढ़कर 117.4 अरब डॉलर रहा।



## दीवाली तक 46,000 तक हो सकता है सोना?

**नई दिल्ली।** देश मे गणेश चतुर्थी के साथ ही त्योहारी सीजन की शुरुआत हो जाती है। त्योहारी सीजन में सोना खरीदना काफी शुभ माना जाता है। पिछले साल धनतेरस पर 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव 56,500 रुपए प्रति 10 ग्राम था। दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने के दाम 50,729 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इस तरह पिछले धनतेरस के मुकाबले सोने का भाव फिलहाल काफी नीचे आ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार सर्राफा बाजार में सोने का भाव 46,000 रुपए तक आ सकता है। जानकारों का कहना है कि वैश्विक और घरेलू बाजार में फिलहाल कोई ऐसा फैक्टर नजर नहीं आ रहा, जिससे सोने के भाव को सहारा मिले। पहले रूस और यूक्रेन की जंग की वजह सोने के कीमतों में तेजी आई थी, लेकिन अब इस तनाव का असर भी जाता रहा है। यूरोपीय और अमेरिका में मंदी आने की आशंका जताई जा रही है लेकिन अगर मंदी आती भी है तो इसका असर सोने की कीमतों पर नहीं होगा। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना चार सप्ताह के निचले स्तर पर कारोबार कर रहा है। ऐसा भारतीय रुपए के अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर होने की वजह से हुआ है।

# एसबीआई में बच्चे का भी खुलवा सकते हैं सेविंग खाता

**नई दिल्ली)।** देश के प्रमुख बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में किसी भी उम्र के बच्चे का सेविंग खाता अभिभावक या गार्जियन खुलवा सकते हैं। एसबीआई नाबालिग बच्चों के लिए दो प्रकार के अकाउंट खोलने की सुविधा दे रहा है। एक अकाउंट को पहला कदम और दूसरे को पहली उड़ान नाम दिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पहला कदम और पहली उड़ान नाम से सेविंग अकाउंट आप घर बैठे ऑनलाइन खोल सकते हैं। इन दोनों ही बैंक अकाउंट्स की खास बात यह है कि इनमें नेट बैंकिंग सहित लगभग भी बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। निकासी की सीमा होने की वजह से फिजूलखर्ची का डर भी नहीं है। इन खातों में न्यूनतम बैलेंस रखने की बाध्यता भी नहीं होती। यह खाता किसी भी उम्र के बच्चे का खोला जा सकता है. नाबालिग बच्चों के साथ माता पिता या गार्जियन ज्वॉइंट अकाउंट खोल सकते हैं। अकेले बच्चे के नाम से यह खाता नहीं खोला जा सकता। इसे अभिभावक या बच्चा खुद सिंगल रूप से ऑपरेट कर सकता है। खाताधारक को एटीएम डेबिट कार्ड सुविधा मिलती है। कार्ड से 5,000 रुपए तक की निकासी की जा सकती है। मोबाइल बैंकिंग की सुविधा भी इसमें मिलती है। मोबाइल बैंकिंग का प्रयोग कर बिल पेमेंट भी किया जा सकता है लेकिन इस पर ट्रांजैक्शन 'लिमिट है और रोजाना बस मोबाइल बैंकिंग से 2,000 रुपए तक ही खर्च किए जा सकते हैं। इंटरनेट बैंकिंग सुविधा में रोजाना 5,000 रुप ए तक ट्रांजैक्शन करने की सीमा है। अभिभावक के अधीन नाबालिग के नाम पर अभिभावक को विशेष रूप से डिज़ाइन की गई 10 पेज की चेकबुक भी जारी की जाती है। ये खाता उन बच्चों का खुलवाया जा सकता है जिनकी उम्र 10 साल से ज्यादा है और वे अच्छी तरह से हस्ताक्षर कर सकते हैं। यदि नाबालिग सही हस्ताक्षर कर सकता है तो उसे विशेष रूप से डिज़ाइन की गई चेकबुक दी जाती है।




## बाइक हिमालयन 450 सीसी इंजन के साथ आएगी बाजार में

**नई दिल्ली।** रॉयल एनफील्ड कंपनी अपनी एडवेंचर बाइक हिमालयन को 450 सीसी इंजन के साथ बाजार में उतारेगी। कंपनी अपनी पावरफुल क्रूजर बाइक सुपर मेटेयोर 650 को भी लॉन्च करेगी। एडवेंचर बाइक हिमालयन फिलहाल 411 सीसी में है और अब कंपनी हिमालयन को 450 सीसी इंजन के साथ कंपनी लॉन्च करेगी। इस बाइक को के1 नाम के एक नए प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जा रहा है। इसमें मौजूदा मॉडल के मुकाबले कुछ कॉस्मेटिक बदलाव भी किए जाएंगे। हिमालयन 450 में 450सीसी के सिंगल सिलिंडर लिक्विड कूल्ड इंजन का इस्तेमाल किया जाएगा।इसमें 21 इंच की फ्रंट व्हील और 17 इंच की रियल व्हील हो सकती है। वहीं, लुक और फीचर्स की बात करें तो इसमें कुछ अलग तरह का फ्यूल टैंक, छोटी विंडस्क्रीन, ट्यूबलेस टायर, स्पोक व्हील्ज, सिंगल सीट, फ्लैट हैंडलबार और ट्रिपर नैविगेशन जैसी खूबियां देखने को मिलने वाली हैं। इसके संभावित लुक और फीचर्स की बात करें तो इसमें सर्कुलर हेडलैंप, राउंड हेडलैंप, बड़ी विंडस्क्रीन, फॉरवर्ड फूट पेग्स, ट्विन पाइप एग्जॉस्ट सिस्टम, 19 इंच की फ्रंट व्हील और 17 इंच की रियर व्हील, बड़ा इंस्ट्रूमेंट कंसोल, ज्यादा पावरफुल इंजन, बेहतर गियरबॉक्स, कंफर्टेबल सीट, लगेज कैरियर, स्मार्टफोन कनेक्टिविटी और ट्रिपर नैविगेशन समेत कई शानदार फीचर्स दिए जाने की उम्मीद है।

# जेनेलिया का वीडियो खूब हो रहा वायरल



जेनेलिया का वीडियो खूब हो रहा वायरल  आजकल बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉलीवुड एक्टर जितेंद्र की स्टाइल में टेनिस खेलती नजर आ रही है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में जितेंद्र का सुपरहिट गाना ढल गया दिन हो गई शाम बज रहा है। जेनेलिया के इस वीडियो में उनका चुलबुला अंदाज फैन्स को काफी अच्छा लग रहा है और वह जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। आजकल बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉलीवुड एक्टर जितेंद्र की स्टाइल में टेनिस खेलती नजर आ रही है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में जितेंद्र का सुपरहिट गाना ढल गया दिन हो गई शाम बज रहा है। जेनेलिया के इस वीडियो में उनका चुलबुला अंदाज फैन्स को काफी अच्छा लग रहा है और वह जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। वीडियो में एक्ट्रेस का अंदाज काफी प्यारा लग रहा है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एक्टिंग करने की कोशिश। इस वीडियो में जेनेलिया का अंदाज देखने लायक है। जेनेलिया के इस वीडियो को लेकर जहां कुछ फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं तो वहीं कुछ यूजर उनसे दोबारा बॉलीवुड से जुड़ने की बात कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी एक्ट्रेस ने अपने पति और एक्टर रितेश देशमुख के साथ कई वीडियो शेयर किये हैं। जेनेलिया डिसूजा और रितेश देशमुख का कुछ दिनों पहले वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक्टर अपनी पत्नी और दोस्तों के साथ पूल साइड खड़े होकर डांस करते हुए नजर आ रहे थे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है। एक्ट्रेस के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्म तुझे मेरी कसम से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने तेलुगू फिल्मों में भी खूब पहचान बनाई। बॉलीवुड में जेनेलिया डिसूजा ने जाने तू या जाने ना और मस्ती जैसी फिल्मों कई फिल्मों में नाम कमाया। बता दें ?कि जेनेलिया डिसूजा इन दिनों भले ही फिल्मों

## पलक जल्द विवेक ओबेरॉय के साथ आएंगी नजर

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी जल्द ही बॉलीवुड में एंट्री करने वाली हैं। बेहद स्टाइलिश और खूबसूरत पलक तिवारी फिल्म रोजी-द सैफरन चैप्टर से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं।



इस फिल्म में उनके साथ विवेक ओबेरॉय हैं। इस फिल्म को विशाल रंजन मिश्रा डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म की कहानी दिल्ली एनसीआर के गुरुग्राम की है। सच्ची घटना पर आधारित ये कहानी कॉल सेंटर में काम करने वाली लड़की की है जो अचानक शहर से लापता हो जाती है। फिल्म में हॉरर के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा। बता दें कि पलक आए दिन अपनी दिलकश अंदाज और नए नए पोज में फोटो खिंचवाती रहती हैं। अपनी सारी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर भी करती हैं। इनकी फोटो किसी को भी दीवाना बना सकती हैं। सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी पलक अपने ग्लैमरस लुक और मेकअप स्किल्स की वजह से काफी पसंद की जाती हैं। पलक की खासियत ये है कि मिनी ड्रेस, मिनी स्कर्ट से लेकर वन पीस ड्रेस हर तरह की ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखती हैं, लेकिन अब पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से दूरी बना ली है। पलक ने अपने सौतेले पिता अभिनव कोहली के खिलाफ डॉमेस्टिक वॉयलेंस का आरोप लगाते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जो काफी सुर्खियों में रहा। पलक तिवारी श्वेता तिवारी की पहले पति राजा चौधरी की इकलौती संतान हैं।

## अयूब खान के नम्र व्यवहार से प्रभावित हुं: करन खंडेलवाल

टीवी और फिल्मों के नए अभिनेताओं को अपने वरिष्ठ अभिनेताओं से बहुत कुछ सीखने मिलता हैं। लंबे समय से उद्योग में होने के नाते, अनुभवी अभिनेताओं के पास बहुत सारा ज्ञान और



अनुभव होता हैं जो युवा, महत्वाकांक्षी अभिनेताओं को मार्गदर्शक देने में मदद कर सकता हैं। दंगल टीवी के शो रंजू की बेटियां में लकी का किरदार निभाने वाले अभिनेता करन खंडेलवाल कहते है कि अयूब खान, दीपशिका नागपाल और रीना कपूर जैसे कलाकारों के साथ काम करना शो की सबसे अच्छी बात है। अपने अनुभव के बारे में साझा करते हुए, करन कहते हैं, शो में मैं अयूब खान और दीपशिखा नागपाल के बेटे का किरदार निभा रहा हूं जो एक अमीर, बिगड़ैल लड़का है। इस किरदार को निभाना मजेदार है।

# मुझे मेरे किरदार रंजू के लिए बिहारी लहजा सीखना पड़ा:रीना कपूर



अभिनय एक ऐसा शिल्प है जिसमें दिए गए चरित्र की बारीकियां पकड़ कर उसे अच्छी तरह निभाना अनिवार्य है। एक अभिनेता अपने किरदार को सही तरह पकड़ने के लिए उसकी बोली पकड़ने कि कोशिश करता है और यहां तक कि उसका चलने का ढंग भी सीखता है। रीना कपूर, जो वर्तमान में दंगल टीवी के नए शो रंजू की बेटियां में शीर्षक भूमिका में दिखाई दे रही हैं, ने चरित्र के लिए अपने तय्यारी के तरीके साझा किए हैं। वह उल्लेख करती है कि उन्हे रंजु को वास्तव में चित्रित करने के लिए बहुत कुछ सीखना है। यह मुजफ्फरपुर, बिहार में आधारित एक कहानी है। इसलिए, मुझे उस जगह की बोली सीखनी पड़ी। वे श को स  के रूप में उच्चारण करते हैं और यह कुछ ऐसा था जिस पर मुझे काम करना था। इसके अलावा, रंजू बहुत ज्यादा पढ़ी - लिखी नहीं है, इसलिए मैं उस स्वर में बात करने की कोशिश करती हूं, जहां वह 'फोन' को 'प्होन' कहती है। इसलिए, जब भी मुझे अपने शॉट्स के बीच समय मिलता है, मैं अपनी स्क्रिप्ट पढ़ती हूं और एक सामान्य बिहारी महिला की तरह टोन को परफेक्ट करने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगी कि यह बहुत मुश्किल है क्योंकि यह ऐसा कॉन्सेप्ट है जो हम अपने आस-पास देखते हैं और यह मेरे लिए बहुत अलग या नया नहीं है। सौभाग्य से, मैंने इसका अनुभव नहीं किया होगा, लेकिन दुर्भाग्य से, मैंने इसे अपने आसपास देखा है। तो नहीं, चरित्र को समझना मुश्किल नहीं था। लेकिन मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस किरदार

# 'नो एंट्री' के सीक्वल से बॉलीवुड में वापसी कर सकते है फरदीन खान

बॉलीवुड के गलियारों में काफी फिल्मो को लेकर चर्चा सामने आती रहती है । 2021 में बॉलीवुड के कलाकार फिल्मो में वापसी के लिए तैयार है। उन्ही कलाकारों में से एक है फरदीन खान। फरदीन खान बॉलीवुड की कई फिल्मो में काम कर चुके है लेकिन अपनी निजी जिंदगी के चलते उन्हें फिल्मो से दूर होना पड़ा था।



फिल्मो से दूर होने के बाद फरदीन खान का वजह काफी बढ़ गया था जिसके चलते वह काफी ट्रोल भी हुए थे। वही अब हाल ही में फरदीन खान की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी जबरदस्त तरीके से वायरल हो रही थी। उनकी नयी तस्वीरों में फरदीन का टांसफोर्मशन देखकर हर किसी के होश उड़ गए थे जो काफी जबरदस्त नज़र आ रहा था।

इसी बिच अब फरदीन खान के बॉलीवुड में वापिस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ यही है। खबरों की माने फरदीन फिल्म 'नो एंट्री' के सीचल में नज़र आने वाले है। इसी बिच नो एंट्री के मेकर्स डायरेक्टर अनीस बज्मी  ने कहा इस फिल्म को लोगो ने काफी पसंद किया था और भी इस फिल्म का सीचल बनाना चाहता हूँ। मेने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम करना भी शुरू कर दिया है।

फरदीन खान को लेकर कहा-फरदीन खान मेरे बहुत अच्छे दोस्त है।

## फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद से बालीवुड में डेब्यू करेंगी इसाबेला कैफ



बॉलीवुड की सफल एक्ट्रेस कैटरीना कैफ की बहन इसाबेला कैफ ने अब फिल्मी दुनिया की ओर रुख किया है। वह फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर पुलकित सम्राट लीड रोल में हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन धीरज कुमार ने किया है। हाल ही में पूरी हुई इस फिल्म की शूटिंग की अक्सर तस्वीरें सोशल मीडिया पर आती रहती थी। इसाबेला कैफ खुद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी नई-नई फोटो और वीडियो करती रहती हैं। इसाबेल की फैन फॉलोइंग भी काफी है। इसाबेला कैफ भी अपनी बहन कटरीना की तरह काफी ग्लैमरस और खूबसूरत है। इसाबेला अक्सर अपनी बहन और बॉलीवुड स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ के साथ नजर आती है। सूत्रों के मुता?बिक, इसाबेला फिल्म के सेट पर काफी उत्साहित रहती हैं। इसाबेल ने अपनी आने वाली फिल्म के बारे में इंस्टाग्राम अकाउंट पर जानकारी दी। इसाबेल ने पुलकित सम्राट के साथ एक फोटो शेयर किया है। इसाबेला के को एक्टर पुलकित सम्राट भी उनकी तारीफ करते हैं।

# मेरी मां ने मुझसे कहीं ज्यादा झेला है : सारा अली खान



बॉलीवुड की नई पीढ़ी की स्टार सारा अली खान ने खुलासा किया है कि कभी-कभी ऐसा होता है, जब वह सकारात्मक महसूस नहीं करती हैं। ऐसे समय में उनकी मां और बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता सिंह ही वह इंसान होती हैं, जो उनकी सारी समस्याएं सुलझा देती हैं। अभिनेत्री अमृता सिंह और अभिनेता सैफ अली खान की बेटी सारा ने बताया, कई दिन ऐसे होते हैं जब मैं सकारात्मक महसूस नहीं करती हूं। यह सामान्य बात है और यह सब जीवन का हिस्सा है। तब मुझे लगता है कि मेरे पास एक महान मां है और वो मेरी हर समस्या का हल है। उनके जैसी मां होने के बाद यह संभव ही नहीं है कोई सकारात्मक न रहे। वह आगे कहती हैं, मुझे लगता है कि मेरे मुकाबले उन्होंने अपनी जिंदगी में बहुत कुछ झेला है। यदि वह इस रास्ते पर सिर ऊंचा करके चल सकती हैं और उनकी बेटी भी ऐसा ही करे तो मैं भी आपकी प्रशंसा पाने के योग्य हो जाऊंगी। काम को लेकर बात करें तो सारा की हाल ही में फिल्म कुली नं 1 डिजिटली रिलीज हुई थी। अब वे अतरंगी रे में अक्षय कुमार, धनुष और निमरत कौर के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है और फिल्म हिमांशु शर्मा ने लिखी है।

# नेलपेंट इस्तेमाल करने वाली लड़कियों को पता होनी चाहिए ये 5 बाते



लड़कियों को नेलपेंट लगाने का बहुत शौख होता है। किसी भी अवसर पर लड़कियां नेलपेंट लगाने से नहीं चुकती है लेकिन क्या आप जानते हैं नेलपेंट हमारे लिए काफी नुकसानदायी हो सकती है लेकिन इसका अंदाजा शायद आपको ना हो। आज हम आपको उन्ही कुछ नुकसानों के बारे में बताने जा रहे हैं जो नेलपेंट का इस्तेमाल करने से आपको होते हैं....

1. नेलपेंट में पाए जाने वाले केमिकल आपके डाइजेस्टिव सिस्टम और नर्वस सिस्टम पर गलत असर भी डालते हैं , जिसकी वजह से आपके शरीर का पूरा सिस्टम बिगड़ जाता है। इसलिए हद से ज्यादा नेलपेंट का इस्तेमाल ना करें।

2. शोध के अनुसार नेलपेंटमें ट्रिफेन्यल फॉस्फेट नामक जहरीला पदार्थ पाया जाता है। जो हमारे लिए नुकसानदायी होता है और इसका जिक्र नेलपेंट की बॉटल पर भी नहीं होता है।

3. नेलपेंट में पाए जाने वाले केमिकल और जहरीले पदार्थों से कैंसर जैसी गंभीर समस्या भी हो सकती है।

4. नेलपॉलिश के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से आपके नाखून भी खराब हो जाते हैं। इससे नाखून पीले और कमजोर हो जाते हैं। नाखूनों की चमक चली जाती है। इसलिए आप जरूरत के समय ही नेलपेंट का इस्तेमाल करें।

## ऊंचे स्वर में पढ़ने वालों को मिलता हैं एक अनोखा फायदा!



अगर आपका बच्चा कोई पाठ याद नहीं कर पा रहा है तो उसे ऊंचे स्वर में पढ़ने की आदत डालने को कहिए। एक अध्ययन में पता चला है कि जोर से पढ़ने से लंबी अवधि की याददश्त बढ़ती है। अध्ययन के नतीजों में सामने आया है कि बोलने और सुनने की दोहरी कार्यविधि %उत्पादन प्रभाव% का याददाश्त पर लाभकारी असर होता है। बोलने और सुनने से शब्द जाना-पहचाना बन जाता है और इस प्रकार उसके मस्तिष्क में प्रतिधारण यानी स्मृति में बने रहने की संभावना बढ़ जाती है। कनाडा के वाटरलू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कोलिन एम. मैकलियोड ने कहा अध्ययन में सक्रिय सहभागिता से सीखने और स्मृति के फायदे की पुष्टि होती है। उन्होंने आगे बताया जब हम सक्रिय उपाय या उत्पादन तत्व किसी शब्द के साथ जोड़ते हैं। तो वह शब्द ज्यादा विशिष्ट बनकर हमारी लंबी अवधि की स्मृति में रहता और वह स्मरणीय बन जाता है। मेमोरी नामक पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन में शामिल दल ने लिखित सूचनाओं को सीखने की चार विधियों का परीक्षण किया, जिनमें शांत होकर पढ़ना, किसी को पढ़कर सुनाना, अपने पढ़े हुए को रिकॉर्ड करके सुनना और जोर से पढ़ना शामिल था।

## मिट्टी की उर्वरता कम

सिद्धार्थ शंकर

रासायनिक खाद के लगातार इस्तेमाल ने मिट्टी की उर्वरता तो घटा ही दी, बल्कि करोड़ों हेक्टेयर जमीन को भी बंजर बना डाला। दुनिया भर में रेगिस्तानी क्षेत्र तेजी से फैल रहे हैं। मिट्टी की उर्वरता भी कम होती जा रही है। ऐसे में निर्जन रेगिस्तान में जीवन कैसे वापस लाया जाए, यह एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। आकलन बताते हैं कि इस सदी के मध्य तक धरती की एक चौथाई मिट्टी मरुस्थलीकरण से प्रभावित होगी। यह एक चिंताजनक पहलू है, लेकिन हालात और बिगड़ने के पहले ही स्थिति को संभालने के लिए यदि आगे आया जाए, तो इस विकट संकट से बचा जा सकता है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बचे गोला-बारूद की रासायनिक सामग्रियों को एनपीके खाद और कीटनाशक बना कर बेचने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने दुनिया भर में कारोबार खड़ा कर लिया था। इस कारोबार में कंपनियों को भारी मुनाफा होने लगा था और बाजार में इनकी जड़ें भी मजबूत हो चली थीं। ज्यादातर किसान इन कंपनियों द्वारा बनाई खादों पर इस कदर निर्भर होते गए कि इन खादों के बिना कोई फसल उगाते ही नहीं। भारत और एशियाई देशों में औद्योगिक क्रांति के बाद हरित क्रांति की शुरुआत हुई। रासायनिक खादों और कीटनाशकों का प्रयोग कई तरह की समस्याएं पैदा करता है। जमीन में जो जहरीलापन बढ़ता जा रहा है, वह कई बीमारियों का कारण बन रहा है। इससे मिट्टी में पाए जाने वाले तत्वों का संतुलन भी बिगड़ गया है। इससे किसान नई-नई समस्याओं से घिरते जा रहे हैं। अब केंद्र सरकार ने नीम के लेप वाली यूरिया को रासायनिक खाद का विकल्प बताया है। लेकिन इस संबंध में यह जानना जरूरी है कि इसके इस्तेमाल से मिट्टी और जीव-जंतुओं पर कितना बुरा असर पड़ रहा है। मिट्टी को लेकर हुए शोधों से सामने आया है कि इसमें नाइट्रोजन, पोटेशियम, फास्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम, सोडियम, कार्बन, ऑक्सीजन व हाइड्रोजन थोड़ी मात्रा में रहना चाहिए। लेकिन न्यून मात्रा में इसमें लोहा, गंधक, सिलिका, क्लोरीन, मैगनीज, जिंक, कोबाल्ट, मोलिब्डेनम, तांबा, बोरान और सेलेनियम की मौजूदगी भी जरूरी है। गौरतलब है कि कुदरत अपने हिसाब से इन तत्वों की भागीदारी तय करती है, पर इंसान की गतिविधियों की वजह से इन सारे तत्वों का संतुलन गड़बड़ा गया है। दिलचस्प बात है कि मिट्टी में नाइट्रोजन कार्बनिक रूप में भी रहती है और अकार्बनिक रूप में भी। कार्बनिक पदार्थों के सड़ने से अमोनियम के साथ जीवाणु क्रिया करते हैं। अंततः जीवाणुओं से एंजाइम का निर्माण होता है। दूसरे तत्वों की भी खास भूमिका है। कैल्शियम पौधे के तने को मजबूत करता है, तो फास्फेट फूल और फल के लिए लाभदायक होता है। मैग्नीशियम क्लोरोफिल बनाने की प्रक्रिया में मदद करता है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन पौधों को मिट्टी में समाए हुए पानी से मिलता है। इन प्राकृतिक तत्वों के आधार पर ही तय होता है कि मिट्टी कैसी है। ज्यादा अम्लता व ज्यादा क्षारीयता, दोनों ही पौधों के लिए नुकसानदायक होते हैं। ऐसे में जरूरी है कि जिन कारणों से जमीन बंजर हो रही है, उन कारणों पर गौर किया जाए और जमीन की उर्वरता बढ़ाई जाए। भारत में मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों में कमी चार दशकों से ज्यादा पाई गई। शुरुआत में नाइट्रोजन की कमी थी, लेकिन कटाव, जलभराव, बहुत अधिक कीटनाशकों व रासायनिक खादों का प्रयोग और एक फसल चक्र में जरूरत से ज्यादा फसलों को उगाने जैसे तमाम कारणों की वजह से मिट्टी की उर्वरता घटती गई। हालात यह हो गई कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों के इस्तेमाल के बावजूद अच्छी पैदावार नहीं हो पा रही है।

# और अब बड़ी चुनौती बना तिरंगे का 'सम्मान'

निर्मल रानी



आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विगत 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी स्तर पर घर घर तिरंगा फहराने का एक व्यापक अभियान चलाया गया। तिरंगा यात्रायें तो अभी भी कहीं न कहीं निकाली जा रही हैं। चूँकि स्वयं प्रधानमंत्री ने घर घर तिरंगा फहराने की अपील की थी इसलिये सरकार के लगभग सभी मंत्रालय व राज्य सरकारें इस अभियान में सक्रिय रहीं। घर घर तिरंगा अभियान के दौरान तमाम तरह की बातें, अंतर्विरोध, %प्रवचन%,सुनने को भी मिले। जहां सत्ताधारियों द्वारा इस अभियान में शिरकत करने को ही राष्ट्रभक्ति का पैमाना बताया गया वहीं अतीत में तिरंगे की स्वीकार्यता व अस्वीकार्यता से जुड़े कई गड़े मुर्दे भी उखाड़े गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो तिरंगे का गुणगान करते हुये कहा कि - 'भारत के तिरंगे में केवल तीन रंग नहीं हैं, बल्कि हमारा तिरंगा हमारे अतीत के गौरव, वर्तमान के लिए हमारी प्रतिबद्धता और भविष्य के हमारे सपनों का प्रतिबिंब है। हमारा तिरंगा भारत की एकता, अखंडता और विविधता का प्रतीक है।' पिछले दिनों सूरत में एक तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि 'हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने तिरंगे में देश का भविष्य व उसके सपने देखे थे और उन्होंने इसे कभी किसी भी तरह झुकने नहीं दिया।

परन्तु तिरंगे की इतनी महत्ता बताने के बावजूद घर घर तिरंगा अभियान के किसी झंडाबरदार के मुंह से इसे फहराने के साथ साथ इसके मान सम्मान व इसकी संहिता के बारे में प्रवचन देते नहीं सुना गया। किसी को यह कहते नहीं सुना गया कि तिरंगा खादी के कपड़े का ही होना चाहिये, गुजराती सिल्क या चाइनीज़ पॉलिस्टर का नहीं। किसी ने यह नहीं बताया कि इन राष्ट्रीय ध्वज को कब और किस प्रकार से ससम्मान उतारना भी है। केवल इसके सम्मान से जुड़े भावनात्मक क़िस्से ज़रूर सुनाये गये। यह विवाद ज़रूर सामने आये कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय किस विचारधारा के लोगों ने तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। और वही लोग आज इसे न केवल स्वीकार करते दिखाई दिये बल्कि इसी राष्ट्रीय तिरंगे झण्डे के समक्ष नत मस्तक होते भी दिखाई दिये। परन्तु अफ़सोस तो यह कि न तो स्वयं को तिरंगे का उत्तराधिकारी बताने वालों ने तिरंगे की संहिता पर कोई चर्चा की और तिरंगे के नये नवेले संरक्षकों से तो ख़ैर इसकी उम्मीद ही क्या करनी ? यहां तक कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने जिन्होंने अपने कर्मचारियों के घरों पर झंडा फहराने से लेकर आसपास के घरों में भी झंडारोहण करने हेतु लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिये थे उन्होंने भी इन झण्डों को ससम्मान उतारने,इसे सहेज कर रखने व इसे क्षतिग्रस्त होने से बचाने संबंधी कोई निर्देश नहीं दिया।

राष्ट्र प्रेम में सराबोर भारतवासियों के घरों पर फहरा रहे यह तिरंगे राष्ट्रीय ध्वज अब क्षतिग्रस्त होने लगे हैं। उनका इतना दुरुपयोग हो रहा है जिन्हें शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। कोई कमर में गमछे की तरह लपेटे घूम रहा है तो कोई अपने बैठने का आसन बनाये हुये है। कोई पोछे की तरह इस्तेमाल कर रहा है तो कोई रूमाल की तरह इस्तेमाल कर अपने मुंह का पसीना पोछता नज़र आ रहा है। हद तो यह है कि बड़ी संख्या में तिरंगे कूड़े के ढेर में पड़े नज़र आने लगे हैं। वैसे तिरंगे के सम्मान की एक बानगी तो उसी समय सामने आई थी जब हरियाणा के करनाल में नगरपालिका की कूड़ा उठाने वाली एक गाड़ी पर एक सफ़ाई कर्मचारी बहुत सारे तिरंगे झंडे इकट्ठे रखकर झण्डे बांटता दिखाई दिया था। अभी भी आये दिन मीडिया के माध्यम से तिरंगे के अपमान से जुड़ी अनेक ख़बरें कहीं न कहीं से आती रहती हैं। उल्टे सीधे झण्डे की तमीज़ न कर पाना यानी केसरिया पट्टी ऊपर होगी या हरी, यह तो आम बात है। इसी तिरंगा अभियान के दौरान भी कई जगह इसतरह की ग़लतियाँ दोहराने के समाचार मिले।

बहरहाल, ऐसे में जबकि सत्ता व सरकारों अथवा प्रशासन की ओर से इस विषय पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है इसलिये अब यह देशवासियों का कर्तव्य है कि वे अपने व अपने पड़ोसियों के घरों दुकानों व कार्यालयों पर जहाँ कहीं तिरंगे राष्ट्रीय ध्वज फहरा रहे हों उन्हें वे ससम्मान उतारें व उन्हें तह करके सुरक्षित रखें ताकि अगले वर्ष स्वतंत्रता दिवस अथवा गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें पुनः फहराया जा सके। तेज़ हवा,बारिश,धूप मिटटी में फटने से पहले इन झण्डों को आदर व सम्मान सहित उतार लेना चाहिये। जो लोग अज्ञानतावश राष्ट्रीय ध्वज का दुरूपयोग या अपमान करते दिखाई दें उन्हें प्यार से समझा बुझाकर ऐसा करने से रोकें तथा तिरंगे की अहमियत व इसके आदर व सम्मान के विषय में बतायें। उन्हें यह भी बतायें कि तिरंगे का अर्थ है देश के संविधान का सम्मान, तिरंगा यानी सांप्रदायिकता व जातिवाद मुक्त भारत। तिरंगा का सम्मान यानी रिश्वतख़ोरों ,हत्यारों,बलात्कारियों ,संविधान व लोकतंत्र विरोधियों व बेईमानों का विरोध व इनका बहिष्कार। तिरंगे की आबरू का मतलब है साम्प्रदायिक सद्भाव व पारस्परिक सौहार्द वाला भारत। जो इन बातों को नहीं जानता या मानता है उसके लिये तिरंगा न तो फहराने की चीज़ है न ही ये इसका सम्मान जान सकते हैं। इसलिये अब यह आम लोगों का ही फ़र्ज़ है कि घर घर तिरंगा अभियान की अपार सफलता के बाद, उसी राष्ट्रीय तिरंगे का %सम्मान%, जो कि अब और बड़ी चुनौती बन चुका चुका है इससे किस तरह निपटा जाये।

## एकता में भाषा भी अवरोध

भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यों ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है। उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है। फिर भी इसमें स्थायित्व नहीं है। इसके आकषर्ण की एक सीमा है। यह लंबे समय तक जनता को आकृष्ट किए नहीं रख सकती। आर्थिक-सामाजिक वैषम्य तथा जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य राष्ट्रीय एकता की स्थाई समस्याएं हैं। इनका समाधान हुए बिना राष्ट्रीय एकता का आधार मजबूत नहीं हो सकता।

## डायमंड लीग जीतकर नीरज चोपड़ा ने फिर रचा इतिहास

योगेश कुमार गोयल

टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचने के बाद से भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। जुलाई माह में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा हासिल करने के बाद अब उन्होंने 89.08 मीटर के अपने पहले ही थ्रो के साथ लुसाने डायमंड लीग 2022 जीत ली है और डायमंड लीग जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। अपने कैरियर के इस सर्वश्रेष्ठ तीसरे प्रयास के साथ ही 7-8 सितंबर को ज्यूरिख में डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले वह पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं और अगले साल बुडापेस्ट (हंगरी) में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भी 85.20 मीटर क्वालीफाइंग मार्क को तोड़कर क्वालीफाई कर लिया है। लुसाने डायमंड लीग में टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज्च 85.88 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर जबकि 83.72 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ यूएसए के कर्टिस थॉम्पसन तीसरे स्थान पर रहे। नीरज से पहले डिस्कस थ्रोअर विकास गौड़ा डायमंड लीग में शीर्ष तीन में रहने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी थे, जो न्यूयॉर्क में 2012 में तथा दोहा में 2014 में दूसरे स्थान और 2015 में शंघाई तथा यूजीन में तीसरे स्थान पर रहे थे और अब लुसाने चरण (डायमंड लीग) में स्वर्ण जीतकर नीरज चोपड़ा डायमंड लीग मीट में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले देश से पहले खिलाड़ी बन गए हैं। लगातार ऐसी ही सफलताएं हासिल करने के कारण ही उन्हें अब भारतीय एथलेटिक्स की अभूतपूर्व सफलता का अग्रदूत भी माना जाने लगा है। हालांकि लंबी कूद खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर तथा 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले ने भी डायमंड लीग में भाग लिया था लेकिन वे शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल नहीं हो सके थे। श्रीशंकर अगस्त माह की शुरुआत में मोनाको में छठे स्थान पर रहे थे जबकि साबले जून में मोरक्को के रबात में पांचवें स्थान पर रहे थे। नीरज के



लिए डायमंड लीग की जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका मानना है कि डायमंड लीग का आयोजन प्रतिवर्ष होता है और डायमंड लीग मीट या महाद्वीपीय टूर जैसी प्रतियोगिताओं में एथलीटों को शानदार अवसर मिलता है, जो उन्हें अच्छा करने का मौका देती हैं। नीरज का मानना है कि हमें केवल ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल, विश्व चैंपियनशिप जैसे ऐसे खेल आयोजनों पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए, जिन्हें दो या चार साल के अंतराल पर खेला जाता है बल्कि डायमंड लीग मीट या महाद्वीपीय टूर जैसी प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि इन प्रतियोगिताओं में विश्वस्तरीय एथलीट हिस्सा लेते है, जिससे प्रमुख टूर्नामेंटों के लिए अच्छी तैयारी करने में बड़ी मदद मिलती है। उनके मुताबिक डायमंड लीग जैसे टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने से भारतीय एथलेटिक्स को भी मदद मिलेगी।

नीरज ने इसी साल जुलाई माह में अमेरिका के ओरेगन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतकर इतिहास रचा था और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले वह पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। विश्व चैंपियनशिप में भारत अब तक केवल दो पदक ही जीत सका है। पहली बार 2003 की विश्व चैंपियनशिप में लांग जंपर अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में कांस्य पदक जीता था। उसके बाद 19 वर्षों से भारत विश्व चैंपियनशिप में पदक के लिए तरस रहा था और इस लंबे इंतजार को अपने स्वर्णिम प्रदर्शन से खत्म किया नीरज चोपड़ा ने, जिन्होंने ओरेगन विश्व चैंपियनशिप में क्वालिफिकेशन में 88.39 मीटर के साथ फाइनल में जगह बनाई और पदक राउंड में 88.13 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके रजत पदक जीतकर इतिहास रच डाला था। विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में भारत का यह पहला रजत पदक था। इस चैंपियनशिप के अफाइनल में तीन बार 90 मीटर के मार्क को पार करते हुए 90.54 मीटर की दूरी के साथ एंडरसन पीटर्स स्वर्ण पदक जीतकर विश्व चैंपियन बने। इसी चैंपियनशिप के फाइनल में नीरज की जांघ में लगी चोट के कारण वह राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले पाए थे।

# महर्षि दधीचि जयंती: वज्र के लिए अपनी हड्डियों का दान देने वाले महान संत दधीचि

### सूडोकु नवताल- 6182

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6181 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

राजेश शर्मा

**( 4 सितम्बर श्री महर्षि दधीचि जयंती विशेष)**

जय दधीचि, भारतीय संस्कृति उत्सवों और महोत्सवों की संस्कृति है। पुनीत पावन पूजनीय यह भारत की भूमि अवतारों की भूमि है! ये भूमि संस्कारो की भूमि है, सारी देव सत्ता अनेकों रूपो में यहा पर विद्यमान है! भारत की भूमि पर जन्म लेना ही इस बात का प्रमाण है कि ईश्वर की परम कृपा हम सभी पर है तभी हम सभी भारतवासी है ओर सबसे अच्छी बात यह है के भारत में होना ही भाग्य होता है लेकिन भारत का होना सौभाग्य है। कोई व्यक्ति पूरी दुनिया में कहीं भी जन्मे रहे वो अपने जीवन काल में अगर एक बार भी भारत आया हो और यहां की मिट्टी, हवा पानी, में कुछ दिन बिताए तो यह उसके भाग्य की बात है लेकिन जो इस भूमि पर ही जन्मा हैं यही रह रहा है वो व्यक्ति सौभाग्यशाली होता है। ओर आप और हम सभी सौभाग्यशाली ही है क्योंकि आप हम सभी भारतवासी है। ओर एक बात कहना चाहूंगा के भारत में जन्म लेना ओर यही पर रहना इस बात को भी प्रमाणित करता है के हम सभी उस परमेश्वर की नजदीकी में है, उसकी नजर में है हम उसके आंगन में है। उसकी कृपा और हमारे पूर्व पुन्यो का फल है के हम आप भारतीय है।

भारत कि भूमी पावन ओर पवित्र भूमि है, इस भूमि पर सदियों से गंगा जमुना सहित अनेकों नदिया अपना अमृत हमे पिला रही है। यहां की प्रकृति को सभी ईश्वर स्वरूप मान पूजते है, यह भूमि राम कृष्ण सहित अनेकों अवतारों की भूमि है, यहां केलाश पर्वत पर आज भी शिव जी परिवार सहित विराजमान है, यही पर बद्रीविशाल है,यही पर केदार नाथ है, यही पर बाबा अमरनाथ है, बाबा महाकाल है बारह ज्योतिर्लिंगों में शिव संपूर्ण भारत में विराजित हैं। यही पर जगदम्बा भवानी 51 शक्तिपीठ के रूप में विराजमान है, जंहा गुरु शिष्य परम्परा आज भी है, यहां आज भी सदियों पुराने संस्कारो को पूरे मन, वचन से निभाया जाता है, यहां सभी में ईश्वर को देखा जाता है, गाय,नदिया,धरती, पर्वत,सागर,पेड़,सहित पूरे देश को पूजा जाता है यही वो देश भूमि है दुनिया में मात्र एक जहा पर मातापिता को ईश्वर की बराबरी में पूजा जाता है। ये वो भूमि है जहां कन्या पूजन किया जाता है यही पर बेटी के पैर धोकर उस पानी को पीकर कन्यादान किया जाता है, ये वो भूमि है जहा आने वाली बहू को लक्ष्मी का रूप मान कर प्रथम आगमन पर पूरा परिवार उसकी आरती उतारकर स्वागत कर घर में आमंत्रित करते है। जहा बच्चा जन्म लेता है उसके पांचवे दिन जलाशय किनारे जाकर जल देव से विनती की जाती है के है जल देव इस नव शिशु को सदैव आपने अमृत से तप्त रखना, छटवे दिन सूरज पूजा कर सूर्य नारायण भगवान से प्रार्थना की जाती है के है नारायण इस नवशिशु को आप अपनी ऊर्जा से पोषित करना, धरती माता से विनती की जाती है के है माता इस बच्चे को भी तुम आपने द्वारा उत्पन्न अनाज से सदा धापे रखना, यही पर चंद्र पूजन कर पति की लंबी आयु की प्रार्थना की जाती है, ओर अनेकों रीति रिवाजों को निभाया जाता है।यह भूमि ऋषि मुनियों की भूमि है जप,तप, हवन पूजन चिंतन मनन की भूमि है। ओर सबसे महत्वपूर्ण बात पुरे भारत के हर निवासी के, हर समाज के लोगो के लिए यह भी है के यह भूमि ऋषियों मुनियों की भूमि है और इसी भारत भूमि पर एक ऋषि हुए है जो महातपस्वी, महाशक्ति, महाज्ञानी, ओर सर्व जगत कल्याण के लिए जिन्होंने अपनी देह को ही दान में दे दी और महादानी कहलाए जिनको पूरी देव सत्ता और तीनों लोक दधीचि के नाम से जानते है, और शैव धर्म का पालन करने वाली गु र व समाज के सभी बंधुओ का भाग्य है के आप सभी उस कुल से है जिस कुल को देवगण भी मान सम्मान देते थे हम उसके कुल के है जिसको शैव धर्म कहा जाता है आज हम सभी भारतीय होकर सौभाग्यशाली तो है ही साथ ही हम दधीचि को पूजने वाले है, दधीचि को मानने वाले है, दधीचि जन्म महोत्सव मनाने वाले है, हम सभी दधीचि कुल के है उनके वंशज है तो हम सभी के लिए हजारों हजारों गुना सौभाग्यशाली होना है, क्योंकि हम ब्रह्म के अंश के साथ हम दधीचि वंश के है, दधीचि जन्म उत्सव को मानने का सौभाग्य हम सभी गु र व समाज के लोगो को मिला है, हम उन दधीचि जी का जन्म उत्सव मना रहे है जो दक्ष प्रजापति के विशाल यज्ञ के आयोजन के मुख्य पुरोहित थे, जो शिवजी की बारात के प्रमुख प्रभारी थे, जिनके द्वारा सती के शरीर के अंगों को 51 शक्तिपीठ के रूप में इस देश में स्थापित किया था, जिनके आश्रम में भगवान गणेश जी ओर कर्तिकजी शिक्षा ग्रहण करते थे।

## मोदी की नीति: क्या अब गड़करी भी अड़वानी-जोशी की पँक्ति में होंगे....?

ओमप्रकाश मेहता

भारत पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और मौजूदा केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निशाने पर है, कहा तो यह जा रहा है कि संघ की नाराजी के चलते गड़कारी जी को भाजपा के संसदीय बोर्ड से हटाया गया, किंतु गड़करी की आक्रोशित वाणी कुछ ओर की संकेत दे रही है, वे न सिर्फ अपने बयानों से मोदी जी पर सीधे हमले कर रहे है, बल्कि भाजपा के शीर्ष नेताओं पर व्यंग कसते हुए यह भी कह रहे है कि अब तो राजनीति सिर्फ और सिर्फ सत्ता केन्द्रीत हो गई है और इसका देश के आम वोटर या जनसेवा से कोई वास्ता नहीं रहा। पिछले दिनों भाजपा ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान तथा केन्द्रीत मंत्री नितिन गड़करी को अपने केन्द्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्यता से वंचित कर दिया था, भाजपा में इन दोनों नेताओं में से शिवराज जी को पार्टी के प्रति समर्पित व आस्थावान नेता माना जाता है, जबकि नितिन गड़करी को एक कट्टर सिद्धांतवादी नेता माना जाता है, इसीलिए जब इन दोनों नेताओं पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने संसदीय बोर्ड से हटाने की राज गिराई तब पार्टी के प्रति समर्पित शिवराज ने तो पार्टी के लिए 'दरी बिछाने' तक का काम करने के संकेत दिए और उन्हें जीवन में जो भी राजनीतिक उपलब्धियां हासिल हुई उसके लिए पार्टी को श्रेय दिया वहीं अपने सिद्धांतों पर अडिग नितिन गड़करी ने अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए मोदी सरकार की खामियों को उजागर करने का दौर जारी रखा। गड़करी यद्यपि पार्टी में मोदी जी से काफी वरिष्ठ है, मोदी जी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब गड़करी जी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहें, किंतु बदली हुई स्थिति और समय के फैर ने आज मोदी को 'सुप्रीम' बना दिया और गड़करी जी को उनके अधीन काम करने को मजबूर कर दिया अब मौजूदा राजनीतिक परिवेश में गड़करी जी अपने सिद्धांतों की रक्षामंत्री रहते नहीं कर पा रहे है, इसलिए अब वे काफी मुखर हो गए है, उन्हें यह भी अच्छी तरह पता है कि अगले केन्द्रीय मंत्री मंडल फैरबदल में उन्हें मोदी जी बाहर कर देगें और उन्हें फिर अडवानी-डॉ. जोशी की पँक्ति में खड़ा रहना पडेगा, किंतु गड़करी जी का महाराष्ट्र की राजनीति से अब केन्द्रीय राजनीति का इतिहास से अब केन्द्रीय राजनीतिक का इतिहास रहा है कि उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और न अब से ऐसा कुछ करने वाले है, फिर चाहे वे केन्द्रीय मंत्री या सक्रिय राजनीतिक में रह पाएं या नहीं?

# बी कार्तिकेयन को हटाने की मांग को लेकर दूसरे दिन भी रहा पत्रकारों का धरना प्रदर्शन जारी




### विरोध प्रदर्शन और धरना को खत्म कराने के लिए पत्रकारों के खिलाफ किए जा रहे षड्यंत्र

**मुरैना।** पत्रकार से अभद्र व्यवहार करने वाले, असंवेदनशील कलेक्टर बी कार्तिकेयन को हटाने की की मांग को लेकर दूसरे दिन भी लगातार धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान पत्रकारों को आंदोलन से रोकने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र भी रचे जा रहे हैं लेकिन यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार असंवेदनशील, गैर जिम्मेदार और भ्रष्ट कर्मचारी और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे जनता के शोषण को संरक्षण देने वाले कलेक्टर बी कार्तिकेयन को मुरैना से हटाया नहीं जाता। कलेक्टर बी कार्तिकेयन को हटाने के लिए पत्रकारों ने बिस्मिल संग्रहालय के बाहर दो दिन से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दिया है। इससे पहले 29 दिनों से पत्रकारों का क्रमशः आंदोलन चल रहा था जिसमें मुख्यमंत्री, राज्यपाल और केंद्रीय मंत्रियों सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर एवं शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर जनसमर्थन जुटाते हुए कलेक्टर मुरैना को हटाने की मांग की जा चुकी है और अब 28 दिनों बाद अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। ज्ञात हो कि मुरैना में आईएएस अधिकारी बी कार्तिकेयन को कलेक्टर पद पर 2 वर्ष का समय होने जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कभी भी कार्यालय से बाहर निकलकर जनता की समस्याओं को जानना नहीं चाहा और पीड़ित जनता ने जब भी अन्याय और शोषण के विरुद्ध कलेक्टर से गुहार लगाना चाही तो उन्होंने अपने अधीनस्थों के भरोसे जनता को छोड़ दिया। यही नहीं मीडिया भी जब जन समस्याओं को लेकर संवाद स्थापित करना चाहती थी तो मीडिया को भी दरकिनार किया गया। 5 अगस्त को नगर निगम चुनाव के दौरान मीडिया की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का हिटलर शाही फरमान बी कार्तिकेयन द्वारा जारी किया गया, जिसके बाद मीडिया ने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की तो पुलिस और प्रशासन ने मिलकर मीडिया के अधिकारों को बलपूर्वक दबाने का प्रयास किया। जिसके खिलाफ मुरैना जिले के पत्रकारों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए प्रदेश के महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से ज्ञापन और प्रत्यक्ष रूप से संपर्क स्थापित कर असंवेदनशील और गैर जिम्मेदार कलेक्टर बी कार्तिकेयन को हटाने की मांग की लेकिन सरकार की ओर से पत्रकारों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया।

## योग प्रतियोगिताओं को सफल बनाने दिए निर्देश

**मुरैना।** शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. मुरैना में म0प्र0 शिक्षा विभाग के अन्तर्गत महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान मप्र भोपाल के निर्देशन में योग प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विकास खंड योग प्रभारियों को योग प्रतियोगिताओं को सफल बनाने हेतु निर्देश दिए गए।



बैठक में वीरेंद्र शर्मा जिला योग प्रभारी मुरैना, उमेश कुमार तिवारी जिला योग अध्यक्ष, विकास खंड योग प्रभारी नीलेश शर्मा अम्बाह, श्रीमती गौरी कुलश्रेष्ठ, मुरैना रवि शरण तिवारी जौरा, विद्यालय के संस्कृत नोडल हरिओम शर्मा तथा विक्रम सिंह तोमर उपस्थित रहे। आयोजित विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. में प्राचार्य नोडल अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित होगी। इस क्रम में सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विकास खंड योग प्रभारी प्रभारियों की बैठक करेंगे। यह प्रतियोगिताऐं 14 वर्ष 17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित होंगी।

## अंडर ब्रिज की मांग को लेकर भूख हड़ताल 32 वें दिन भी जारी रही



**कैलारस।** नगर पालिका सीमा के अंतर्गत अस्पताल के लिए आने जाने हेतु आधी से ज्यादा नगरीय बस्ती के लिए कोई रास्ता नहीं रखा गया है। जबकि परंपरागत रास्ता कृष्ण मार्ग के सामने से अस्पताल के लिए गत 50 वर्षों से नागरिकों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन हठधर्मिता पर खड़ा हुआ है। विदित हो कि अभी तक 32 दिन गुजरने के बाद भी केंद्रीय मंत्रियों द्वारा, अफसरों द्वारा, कलेक्टर मुरैना द्वारा पत्र भेजने के बाद भी अंडर ब्रिज स्वीकृत नहीं किया है। स्टीमेट रिवाइज्ड नहीं किया है। जबकि परंपरागत रास्ता होने से वैधानिक स्थिति भी नागरिकों के पक्ष में है। शनिवार को 32 वें दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में रामदयाल जाटव, विजय सिंह जाटव, मुन्ना खान, सत्यनारायण शाक्य प्रमुख रहे। इन्हें मोहल्ला वासी रतिराम जाटव, नरेश जाटव, इलियास खान, मिथुन जाटव, श्रीमती सलमा बानो, शशि जाटव, मीना आदि के द्वारा माल्यार्पण कर बिठाया गया। आन्दोलनकारियों का कहना है कि जब तक हमारी मांग को स्वीकृत नहीं किया जाता तब तक लगातार भूख हड़ताल और आंदोलन जारी रहेगा। नागरिकों ने आगे बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ सत्याग्रह करने का भी निर्णय लिया है।

## नगर पालिका परिषद के मंत्रिमंडल का हुआ गठन

**अंबाह।** आखिरकार नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचन उपरांत नगर सरकार के मंत्रिमंडल यानी पीआईसी का गठन भी कर लिया गया है। ज्ञात रहे कि नगर पालिका परिषद में प्रेसिडेंट इन काउंसिल के गठन का सभी को बेसब्री से इंतजार था उक्त पीआईसी में भाजपा एवं उनके समर्थक पार्षदों को रखा गया है। पीआईसी में 6 महिला पार्षद और एक पुरुष पार्षद को शामिल किया गया है, नगर पालिका के सूत्रों के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अजंली जिनेश जैन द्वारा बहुप्रतीक्षित पीआइसी का गठन कर लिया गया है। गठन में समन्यवय की रणनीति के चलते 7 पार्षदों को शामिल किया गया है।

## खाद्य विभाग ने एक्सीलेंस स्कूल में छात्र-छात्राओं को मिलावट के प्रति किया जागरूक

**मुरैना।** शासन प्रशासन के निर्देश पर खाद्य औषधि विभाग द्वारा ईट राइट एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के प्रति चलाई जा रही जागरूकता मुहिम के तहत शनिवार को अभियान के अंतर्गत एक्सीलेंस स्कूल नंबर 1 में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र- छात्राओं को मिलावट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही छात्रों को यह भी बताया गया कि खाद्य सामग्री खरीदते समय निर्माण तिथि व एक्सपायरी डेट अवश्य देखें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन की उपस्थिति में यह कार्यक्रम एक्सीलेंस स्कूल गणेशपुरा मुरैना में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती किरन सेंगर, महेन्द्र सुरैया, अनिल प्रताप सिंह परिहार, हरीश राजौरिया, केमिस्ट चलित खाद्य प्रयोगशाला सतेन्द्र तोमर सहित स्कूली सभी छात्रायें एवं शिक्षिकायें उपस्थित थे। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि प्रदेश सरकार मिलावट के प्रति सचेत है, मिलावट करने वालों पर कठौर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिना देंखे एवं जांच के खाद्य पदार्थ न खरीदें। खाद्य पदार्थ को खरीदते समय उत्पादन, तिथि एवं एक्सपायरी तिथि अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थ में मिलावट का संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन को शिकायत करें। खाद्य पदार्थ में मिलावट पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत



2 लाख से 10 लाख रूपये तक का जुर्माना एवं 6 माह से आजीवन कारावस सजा का प्रावधान है। श्री जैन ने कहा कि बाजार से खाद्य पदार्थ को खरीदते समय अन्य बिन्दुओं पर भी विशेष ध्यान दें। बिना देंखे, परखे कोई भी सामग्री न खरीदें, विशेषकर चमकीले पदार्थ जैसे-दालें, चावल आदि न खरीदें। विशेषकर आयोडीन वाला ही नमक उपयोग में लायें। श्री जैन ने इस अवसर पर शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को दूध में मिलावट, नमक, तेल, घी, पनीर के आदि के उदाहरण सहित डेमो दिये।

## जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन आज

**मुरैना।** जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन आज 4 सितंबर रविवार को जगदंबा पैलेस माधौपुरा रोड मुरैना में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के चीफ गेस्ट आशुतोष बागरी पुलिस अधीक्षक मुरैना रहेंगे। नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में जिला योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कोरोना काल के बाद पहली बार यह प्रतियोगिता ऑफलाइन हो रही है। इसी के तारतम्य में मुरैना जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 3 आयु संवर्ग बालक/ बालिकाओं की आयु गणना, सब जूनियर आयु 9 वर्ष से 14 वर्ष तक जूनियर आयु 14 वर्ष से 18 वर्ष, सीनियर 18 वर्ष से अधिक आयु की गणना अनुसार जो 31 मार्च 2022 के अनुसार की जावेगी। उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवक मामले मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 2 वर्ष पूर्व योगासन को प्रतिस्पर्धी खेलों के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। राष्ट्रीय स्तर पर योगासनों को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में लोकप्रिय बनाने एवं विकसित करने के उद्देश्य नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन का गठन किया गया है। देश के सभी राज्यों के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों में जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन का गठन किया गया है और उन्हें पंजीकृत कराया गया है। मुरैना जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तहसीलदार सिंह बैंसला ने बताया कि अभी तक प्रतियोगिता ऑनलाइन द्वारा आयोजित की जा चुकी हैं। मध्य प्रदेश के चयनित योगासन खिलाड़ियों ने भुवनेश्वर एवं अहमदाबाद में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लिया। मध्य प्रदेश से 11 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। जिला एवं राज्य स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रमाण पत्र के साथ नगद पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया जावेगा। अब योगासन खिलाड़ियों को भी अन्य खेलों की तरह शासकीय सेवाओं में नियमानुसार आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

## नारायण सिंह अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष मनोनीत

**मुरैना।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामवीर सिंह सिकरवार द्वारा संगठन की गतिविधियां बढ़ाने एवं संपूर्ण जिले में ग्राम इकाई विकास खंड पर ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति में हो रही देरी के चलते संगठन को गति प्रदान करने के लिए नारायण सिंह तोमर को जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिकरवार को संभागीय अध्यक्ष चंबल संभाग व संभागीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह परमार को प्रदेश में उचित स्थान दिया गया है। श्री सिकरवार ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री तोमर को निर्देश दिए हैं कि वह संपूर्ण जिले में बैठक करते हुए तत्काल ब्लॉक स्तर, तहसील एवं जिला स्तर पर इकाइयों का गठन कर पूरी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को भेजें। श्री तोमर के जिला अध्यक्ष बनने पर रामबल सिंह सिकरवार प्रदेश महामंत्री, बालिस्टर सिंह तोमर, राम अवतार सिंह सिकरवार, राघवेंद्र सिंह तोमर, शैलेंद्र सिंह तोमर, आदिराम सिंह सिकरवार, योगेंद्र सिंह तोमर, विजय सिंह तोमर, राम सिंह तोमर, ओमप्रकाश भदोरिया, नरेश तोमर, राकेश सिकरवार, रामनिवास सिकरवार, अजय सिंह तोमर, प्रदीप तोमर, पवन परिहार, अनुराग तोमर, कल्याण तोमर, शिशुपाल सिंह तोमर, राजवीर सिकरवार, केपी सिकरवार, शिवप्रताप सिकरवार, अर्जुन तोमर आदि ने हर्ष जताया है।



### मोदी सरकार ने पकड़ा शिवराज सरकार का 12 हजार करोड का भ्रष्टाचार

**मुरैना।** माकपा कैलारस नगर सचिव राजेश गुप्ता ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पेंशन घोटाले में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और उनके गिरोह को भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है कि भारत सरकार के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ( कैग) ने मध्यप्रदेश सरकार के 31 विभागों में 12259 करोड रुपए के भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है। यह भ्रष्टाचार 2019 से 2022 के बीच हुआ है। श्री गुप्ता के अनुसार मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि यह भ्रष्टाचार 31 जन कल्याणकारी योजनाओं में हुआ है। जिससे साफ है कि शिवराज सरकार ने यह पैसा जन कल्याण पर व्यय करने की बजाय नेताओं और अफसरों की जेबें गर्म करने पर लुटाया है। भारत सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक भ्रष्टाचार आदम जाति कल्याण विभाग की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना में हुआ है। जसविंदर सिंह ने कहा है कि सरकारी अमले को सरकार का इतना सरंक्षण है कि कैग द्वारा सम्बंधित भ्रष्टाचार पर आपत्ति दर्ज कराने के बाद भी विभाग प्रमुखों ने कोई जवाब नहीं दिया है।

## खाद की समस्या को लेकर किसान सभा ने दिया ज्ञापन

**कैलारस।** इस समय ज़िले भर में किसान भीषण खाद की समस्या का सामना कर रहे हैं। डीएपी और यूरिया खाद के लिए किसान सुबह 4:00 बजे से ही लंबी-लंबी लाइनें लगाकर सोसाइटियों के सामने बैठ जाते हैं और शाम को खाद नहीं मिलने पर खाली हाथ वापस लौट जाते हैं। किसानों में बड़ी संख्या महिलाओं की होती है। बाजार में प्राइवेट दुकानों पर महंगा और नकली खाद किसानों को दिया जा रहा है। इसके विरोध में मध्य प्रदेश किसान सभा ने तहसीलदार के व्दारा कलेक्टर मुरैना के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें खाद जिले की सभी सोसाइटीज पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके अलावा बिजली की समस्याओं, शक्कर मिल चालू करने, किसानों का गंदा का बकाया भुगतान कराने, आवारा पशुओं का प्रबंधन आदि किसानों की समस्याओं को भी ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है। ज्ञापन देने वाले किसानों में किसान सभा के सर्वश्री भौरूलाल धाकड अध्यक्ष, कन्हैया लाल महासचिव, बनवारी लाल धाकड कोषाध्यक्ष, सरमन लाल सचिव, सियाराम बस्तोली, सियाराम निरारा, मुन्नालाल, शिवनारायण यादव अध्यक्ष ग्राम कमेंटी मामचोन, नरसिंह धाकड उपसरपंच व अध्यक्ष ग्राम कमेंटी बस्तोली, प्रहलाद सिंह धाकड, नवाव धाकड खेडा मानगढ़, रफी स्या, सामन्त धाकड बस्तोली आदि। किसान सभा के तहसील स्तरीय पदाधिकारी शामिल रहे। किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्या के तत्काल निराकरण की मांग की है।



## वाहन रोकने पर यातायात प्रधान आरक्षक को सरेराह पीटा, दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरैना।** शनिवार की सुबह सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत द्वारा रोड पर यातायात पुलिस के एक प्रधान आरक्षक की लोडिंग वाहन में बैठे लोगों ने सरेराह जमकर मारपीट कर दी और उसे चोटिल कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा अन्य मारपीट करने वाले लोगों की वीडियो फुटेज के माध्यम से पहचान की जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर लोडिंग वाहनों में यात्री सवारी ना बिठाई जाएं, इसको लेकर यातायात पुलिस सहित थाना पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे वाहनों पर एवं अधिक सवारी होने पर कारवाई की जाए। यातायात पुलिस के प्रधान आरक्षक राकेश कुमार को सेट पर सूचना मिली कि एक लोडिंग वाहन में सवारियां क्षमता से अधिक बैठी हुई हैं उसे रोको। तभी मां बेटी चौराहे पर तैनात प्रधान आरक्षक राकेश ने उक्त वाहन को रोकने की कोशिश की, तो ड्राइवर गाड़ी को भगाकर ले गया। ऐसे में प्रधान आरक्षक गेट पर लटक गया, तो मिनी लोडिंग का ड्राइवर बैरियर चौराहा से लेकर जौरा रोड पर सोलंकी पेट्रोल पंप तक प्रधान आरक्षक को लेकर चला गया। प्रधान आरक्षक ने गाड़ी को रोकने के लिए ड्राइवर से कहा तो गाड़ी को नहीं रोका, तभी आसपास के लोगों की मदद से मिनी लोडिंग को रोका गया। लोडिंग वाहन में सवार यात्रियों और वहां मौजूद युवकों ने यातायात पुलिस के प्रधान आरक्षक राकेश कुमार के साथ पहले छीनाझपटी की, फिर मारपीट शुरू कर दी। प्रधान आरक्षक की सूचना पर यातायात प्रभारी अखिल नागर टीम को लेकर मौके पर पहुंचे। प्रधान आरक्षक को पीटते हुए लोगों की भीड़ का वीडियो किसी युवक ने मोबाइल से बना लिया और वायरल कर दिया। मौके पर बागचीनी थाना क्षेत्र के घुर्रा गांव के दो युवक कदीर खांन व फैजान खान को पुलिस ने पकड़ लिया हैं, जिसे सिविल लाइन थाने को सौंपा गया है। आरोपियों पर लूट, मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा के तहत मामला दर्ज किया गया है। वीडियो में प्रधान आरक्षक के साथ मारपीट करने वाले लोगों की पहचान व धरपकड़ में पुलिस जुट गई है।




# ज़िम्मेदार आख़िर कौन

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।**
**यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।**

**अर्थात** : जिस परिवार में स्त्री की पूजा की जाती है, वहाँ देवताओं का वास होता है, दैवीय गुण, दैवीय सुख और उत्तम संतान होती है और जिस परिवार में स्त्री की पूजा नहीं होती है, उसके सभी कार्य निष्फल हैं।

आज-कल सम्मान तो दूर कलयुग में महिलाओं को सिर्फ़ भोगने की वस्तु समझा जा रहा है। क्या चल रहा होगा मानसिक तौर पर विकृत युवाओं के दिमाग में? बेख़ौफ़ और बिंदास होते सरे-आम या घर में घुसकर किसीकी भी बेटी को मार देते है। कहाँ जा रही है आज की युवा पीढ़ी? क्यूँ अपना और किसीकी बेटी का अहित करने पर तुले है? आजकल हर कुछ दिनों बाद ऐसे किसी सरफिरे, मानसिक तौर पर अपाहिज लड़कों के हाथों लड़कियों पर जानलेवा हमलों की खबरें सुनकर, पढ़ कर दिल भी दहल जाता है। और खून भी खौल उठता है। गलती किसकी मानी जाए? क्या ऐसे युवाओं के माँ-बाप का अपने बेटों पर काबू नहीं होता? क्या संस्कार देने में चूक होती होगी? या लड़के अपने माँ बाप के वश में नहीं होते? इतनी सारी बेटियों के घिनौने अंजाम का जिम्मेदार आखिरि कौन? क्यूँ लड़कियों पर अटेक करने से पहले लड़के सोचते नहीं। एक बार, सिर्फ़ एक बार शिकार लड़की की जगह अपनी बहन को रखकर देखते। तो शायद सोच बदल जाए। क्या बितती होगी उन लड़कियों पर जो अभी खिलकर फूल बन रही हो, उसे बेरहमी से कुचलते रूह क्यूँ नहीं काँपती?



युवाओं के दो वर्ग है, एक जो पढ़ लिखकर जीवन में कुछ बनना चाहते है, मेहनत करते है और अपने दम पर परिवार का और देश का नाम रोशन करते है। और दूसरा वर्ग अनपढ़, ज़ाहिल गँवारो की तरह मवालीगिरी करते खुद की, अपने परिवार की और किसी मासूम लड़की की इज़्जत तार-तार करते है। हकीकत में अपने बेटे की करतूत पता चलने पर, खुद माँ-बाप को ही ऐसी सज़ा देनी चाहिए की फिर कोई लड़का किसीकी बहन बेटियों को प्रताड़ित करने से पहले सौ बार सोचे। ÷जो जैसा गुनाह करें, उसको सज़ा भी बिलकुल वैसी मिलनी चाहिए÷ तभी मन में ख़ौफ़ बैठेगा। सरे-आम बीच बाज़ार तो लड़कियों की छेड़ खानी होती है, पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी आशिक आवारों का मेला लगा है। फेसबुक पर मौजूद आधी से अधिक युवतियाँ ऑनलाइन उत्पीड़न या दुर्व्यवहार का सामना करती है। और इसी कारण सोशल मीडिया छोड़ भी देती है। यहाँ भी परेशान करने वालों की तादात कम नहीं। शोषित लड़कियों के बारे में सोचते ही रौंगटे खड़े हो जाते है। निर्भया के साथ दरिंदों ने जो किया वो दरिंदगी की इन्तेहाँ थी, प्रियंका के साथ रैप करने के बाद ज़िंदा जलाने का हादसा कभी न भूलने वाला है, अंकिता को पेट्रोल डालकर जलाया वो दिल दहलाने वाली करतूत थी और गुजरात के सूरत शहर में सरेआम ग्रीष्मा का गला काटकर हत्या कर दी वो विचलित करने वाली घटना थी। और ऐसी तो न जानें कितनी बच्चियाँ हर रोज़ बलि चढ़ा दी जाती होंगी जो वारदातें समाज के सामने नहीं आती। हर अभिभावकों का फ़र्ज़ है अपने बच्चों की गतिविधियों पर नज़र रखने का। समस्त नारी जाति का सम्मान करना सिखाना चाहिए, पढ़ाई के लिए ज़ोर देना चाहिए। पढ़ा, लिखा इंसान सोचने समझने की शक्ति रखता है। बेटों को अच्छे विचार और संस्कार देना चाहिए। पर नहीं यहाँ कुछ माँ-बाप बच्चों को पैदा करके सुवर की तरह, या शिकारी कुत्ते की तरह समाज में छोड़ देते है। न संस्कार नाम की चीज़ होती है, न सभ्यता का दायरा मालूम। कितने गैरजिम्मेदार माँ-बाप होते है जिनको इतना भी पता नहीं होता है कि उनका बेटा क्या गुल खिला रहा है। माँ बाप को जागने की जरूरत है। बच्चों को बचपन से ही सही समझ देकर सुसंस्कृत करना चाहिए। अच्छे बुरे की समझ देकर ज़िंदगी में कुछ बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। बच्चों के मित्र कौन है, कैसे है, क्या करते है सभी चीज़ों की जानकारी रखनी चाहिए। अब बहुत हो चुका और कितनी बेटियों का बलिदान देते रहेंगे? अभिभावकों से निवेदन है अपने बच्चों पर नज़र रखिए, गलत राह पर निकल गया है तो समझाईये। लड़कियों की इज़्जत की कीमत समझाईये और सुदृढ़ समाज का निर्माण करने में अपना योगदान दीजिए। आज किसी ओर की बेटी तबाह हुई कल आपकी भी हो सकती है

**आर,एस रजक**
**राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी**



## धूमधाम से मनाया जाएगा लवकुश जन्मोत्सव

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले से है जहां पर 4 सितंबर रविवार को लव कुश जन्मोत्सव का आयोजन उसका समाज द्वारा किया जाएगा जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम को बहुत ही धूमधाम से शोभायात्रा के साथ मनाया जाएगा साथ ही इसमें शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी इस शोभायात्रा में कुशवाहा समाज से बच्चे महिलाएं पुरुष एवं सभी कुशवाहा समाज के लोग एकत्र होकर शोभा यात्रा का आह्वान करेंगे शोभा यात्रा का प्रारंभ अथाई मोहल्ला नीलगर चौराहे से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा चौराहा माधव चौक कोट रोड से होते हुए अस्पताल चौराहा कस्टम गेट से होते हुए मानस भवन गांधी पार्क पहुंचेगी जहां पर विशाल सभा का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में मध्य प्रदेश शासन में मंत्री भारत सिंह कुशवाह जी मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे और इसके अलावा जिले में नवनियुक्त सरपंच जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य जनपद अध्यक्ष पार्षद अन्य नवनियुक्त पदाधिकारी भी शामिल होंगे समारोह में सभी पदाधिकारियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा और हाल ही में कक्षा 10वीं और 12वीं में 80त्न अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा इसके साथ ही कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम में पधारे सभी मुख्य अतिथि और कार्यक्रम में पधारे उस व समाज के महानुभाव लोगों का प्रसादी ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खनियाधाना में नर्से करती है अपनी मनमानी, तड़पती रहती है प्रसूताये एवम मरीज

**राकेश परिहार,पुष्पांजली टुडे**



**पिछोर,** ऐसा ही एक मामला और सामने आया है आपको बता दें कि शिवपुरी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खनियाधाना में चमरौआ निवासी एक महिला प्रसव के लिए गई तो एक शारदा शर्मा नामक नर्स ने शाम 7:00 से सुबह 3:15 तक बहाने बनाकर कोई भी स्वास्थ्य संबंधी देखरेख नहीं कि एवं उनके साथ आए परिवार जनों से भी अभद्रता में बातचीत की पीड़ित महिला वंदना लोधी एवं उनके ससुर चंदन सिंह लोधी ने एक शिकायती आवेदन देते हुए बीएमओ से गुहार लगाई कि नर्से बहुत ही अमानवीय व्यवहार करती हैं और पैसे मांगती हैं हमसे भी ?1000 की मांग की गई जिसमें उन्होंने हमसे ?700 ले लिए और हमारी कोई भी स्वास्थ्य संबंधी देखरेख नहीं कि एवं जबरदस्ती छुट्टी का आवेदन बनवा कर हमें चलता कर दिया हम उसी दिन से परेशान हैं और आज हम ज्यादा परेशान हो गए तो हमने अपनी व्यथा बी एम ओ साहब को सुनाई है और उचित कार्यवाही के लिए गुहार लगाई है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो भगवान ना करे किसी की जनहानि हो इनका व्यहार देखकर ऐसा लगता है की अगर दूसरी जगह आदमी बच रहा होगा तो इस स्वास्थ्य केंद्र में आकर नहीं बचेगा आपको बता दे की ऐसा नही है की ये व्यवहार इसी महिला के साथ हुआ है जो भी महिलाए इस स्वास्थ केंद्र में प्रसव के लिए आती है तो ऐसा ही होता इसलिए आधे से ज्यादा गावों की महिलाए यहां प्रसव के लिए आती ही नहीं है

## मैनपुर सहायक शिक्षक फेडरेशन के निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष बने उमेश श्रीवास

### मैनपुर ब्लॉक कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

**त्रिलोकी तिवारी ब्यूरो चीफ**

**गरियाबंद।** मैनपुर विकासखंड के अन्तर्गत 3 सितम्बर को ध्रुवागुडी में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन इकाई-मैनपुर के संचालक मंडल के तत्वाधान में आवश्यक बैठक आहूत किया गया था!बैठक का मुख्य एजेण्डा,ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव,कार्यकारिणी का विस्तार, एवं आगामी आंदोलन के लिए संगठन को मजबूत करने के साथ पिछला आय व्यय के लेखा-जोखा विवरण पर था!बैठक की विधिवत कार्यवाही छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन गरियाबंद से आये जिला टीम के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में शुरू कि गई!इस मौके पर उपस्थित मैनपुर विकासखंड के समस्त सहायक शिक्षकों से ब्लॉक अध्यक्ष के पद के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया गया!जिसमें निर्णय लेते हुए उपस्थित सभी सहायक शिक्षकों ने सर्वसम्मति से उमेश श्रीवास को ब्लॉक अध्यक्ष चुना!ज्ञात हो कि उमेश श्रीवास लम्बे समय से सहायक शिक्षकों के हित में सक्रिय रहकर अपने संघ के प्रति अपने दायित्वों को निर्वहन करते आ रहे हैं!जिसके मद्देनजर उन्हें मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप मे सर्वसम्मति से दायित्व सौपा गया है!ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर उमेश श्रीवास ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संघ के दिशा निर्देशों को पालन करते हुए ब्लॉक के समस्त सहायक शिक्षक साथियों के हित में निष्ठा पूर्वक काम करते रहेगें!इसके अलावा ब्लॉक कार्यकारिणी



पदाधिकारियों में प्रमुखरूप से कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में संतोष पटेल उपाध्यक्ष,संजय सिन्हा व नीलम नागेश,सचिव सुरेश शर्मा,सह सचिव दयाराम सोनवानी, कोषाध्यक्ष डिगेश देवांगन, महासचिव जगजीवन प्रधान, प्रवक्ता नीलाधर प्रधान व परमेश्वर बघेल,मिडिया प्रभारी दामोदर कश्यप,देशमुख ठाकुर महिला मोर्चा से श्रीमती जान्हवी मरकाम,श्रीमती इंदु वाघे, श्रीमती भूमिका सिन्हा,आदि के चयन सहित विभिन्न पदों का विस्तार किया गया!जिन्हें आखिरी समय में बैठक आहूत कर नियुक्ति पत्र दी जावेगी! उक्त बैठक में उपस्थित प्रमुख रूप से जिला टीम से संयोजक अवनीश पात्र,जिलाध्यक्ष कुमेंद कश्यप,जिला प्रवक्ता यशवंत बघेल,कोषाध्यक्ष गणेश दूर्गा, ब्लॉक संयोजक लोकेन्द्र प्रसाद, अवस्थी,रूद्रप्रसाद त्रिपाठी, अनिल कुमार अवस्थी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे!तथा जिला टीम और ब्लॉक के समस्त सहायक शिक्षकों ने नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी में चयनित समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी है!

## गोहद राधा अष्टमी पर नगर में धूमधाम से निकाली जा रही राधा रानी की रथयात्रा

**मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** शनिवार देर शाम राधा रानी की रथयात्रा गाजे-बाजे के साथ बड़े बाजार मंदिर से निकाली रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए देर रात मंदिर पहुंची



। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य उमेश काकर ने बताया कि प्रतिवर्ष राधा अष्टमी के दिन देर शाम नगर के प्रमुख मार्गों पर राधा रानी का रथ में सवार कर यात्रा निकाली जाती है देर रात यह रथयात्रा मंदिर पर पहुंचकर समाप्त होती है सभी भक्तजनों को प्रसाद बांटा जाएगा हजारों की संख्या मैं सुहागन महिलाएं इस मंदिर प्रांगण में पहुंचती हैं इस दौरान मंदिर की व्यवस्था रूप में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है इस वर्ष भी विशेष सजावट की गई है

## मौ नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष का इंडेन गैस एजेंसी पर हुआ स्वागत





**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मौ-भिंड।** भिंड जिला के नगर परिषद मौ में भारतीय जनता पार्टी के मो नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती वंदना सज्जन सिंह यादव एवं नगर परिषद मौ उपाध्यक्ष श्रीमती नीरू पंकज कुशवाहा नवनियुक्त अध्यक्ष उपाध्यक्ष का इंडियन गैस एजेंसी संचालक एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरेश छा री जी ने अपने कार्यालय पर भव्य स्वागत सम्मान किया इसी क्रम में एजेंसी संचालक सुरेश छारी द्वारा भाजपा अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष महेंद्र परिहार व भा ज पा मौ मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाहा सुल्तान मौर्य का भी सम्मान किया सम्मान समारोह में नगर परिषद के पार्षद गण एवं भाजपा नेतागण भी उपस्थित रहे उपस्थित कार्यकर्ताओं में पूरन गोयल अरुण बाल्मिक बलवीर गोयल बॉबी बीलोरिया राजू खान जाकिर खान नरेंद्र कुशवाहा मुनेश परिहार देवेंद्र सिरोठिया सत्तार खान इस्माइल खान सुशांत कुशवाहा नीलेश जाटव पुची जाटव राघवेंद्र परिहार साहिल सारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दबोह में इलाज कराने आये युबक की मौत,मृतक के परिजनो ने लगाया डॉक्टर पर आरोप

### नगर में संचालित अवैध प्राइवेट क्लीनिक संचालकों पर कब होगी कार्यवाही

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** भिण्ड जिले के दबोह नगर में संचालित एक प्राइवेट क्लीनिक पर इलाज कराने आये एक युबक की मौत का मामला सामने आया है।मृतक के भाई अरविंद कुमार पुत्र गैंदालाल जाटव ने बताया कि मेरे भाई संजीव की पीठ में फुंसी हो रही थी जिसका इलाज कराने के लिए मैं संजीव को शुक्रवार की सुबह जब इलाज कराने के लिए आया तो डॉक्टर ने उसकी फुंसी बगैरा चैक करके अपने कम्पाउंडर से एक इंजेक्शन लगाने को कहा जब कंपाउंडर ने मेरे भाई को इंजेक्शन लगाया तो उसको घबराहट होने लगी और चक्कर आने लगे जिसके दो मिनिट के बाद मेरा भाई गिर पड़ा और मर गया।इस पर मृतक के परिजन भड़क गए और सड़क पर पत्थर डाल कर जाम लगा दिया।लगभग 10-15 भारी वाहनों के साथ छोटे वाहनों का भी आवागमन थम गया लेकिन कुछ देर बाद मौके पर मौजूद दबोह पुलिस और तहसीलदार अमित दुबे ने पीड़ित परिवार को समझाया साथ ही निष्पक्ष जाँच का आश्वासन दिया तब जा कर कहीं मृतक के परिजन शांत हुए।वहीं क्लीनिक संचालक डॉ.गुरुमुख सिंह चावला ने बताया कि मरीज को खाज खुजली की शिकायत थी वह मेरे पास आया जरूर था पर वह स्वयं अपना इजेक्शन लेकर आये थे तो उस इजेक्शन को हमारे कम्पाउंडर से लगवा दिया फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक को अंतिम निरीक्षण के लिए लहार भेज दिया है और मामले को विवेचना में लिया और तहसीलदार अमित दुबे द्वारा तत्काल क्लीनिक को बन्द कराने के निर्देश भी दिए गए है।साथ ही आपको बता दें कि क्लीनिक संचालक के क्लीनिक के बाहर न तो कोई क्लीनिक का बोर्ड है और न ही डिग्री व डॉक्टर का नाम अंकित है जिससे पता चल सके की संचालक फर्जी है या डिग्रीधारी।फिलहाल तो अगर स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन फर्जी क्लीनिक संचालकों पर अगर जल्द ही कोई शिकंजा नही कसा गया तो पता नही यह लोग कितने लोगों की जान से खिलवाड़ करते रहेंगे।क्योंकि सूत्रों की माने तो नगर में 75त्न क्लीनिक प्राइवेट संचालित हो रहे हैं।जिनपर अब तक शिकंजा नही कसा जा सका।





### इनका कहना

मुझे मामले की जानकारी नही थी आपके द्वारा बताया गया है तो जल्द ही टीम गठित कर सम्बन्धित क्लीनिक पर कार्यवाही की जाएगी साथ ही नगर में जो भी अवैध रूप से क्लीनिक संचालित कर रहे हैं उनपर भी टीम बनाकर छापामार कार्यवाही की जाएगी।

**यू.पी.एस कुशवाह**
**जिला चिकित्सा अधिकारी भिण्ड**

# पर्यूषण पर्व में श्रद्धा भक्ति और आस्था का अभूतपूर्व संगम

### अशोका गार्डन जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण पर्व

**भोपाल।** पर्यूषण पर्व के दौरान कई श्रद्धालुओं मैं श्रद्धा भक्ति और आस्था का अभूतपूर्व संगम दिखाई दे रहा है ।। जिनालय में धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ संगीतमय स्वर मलेरिया के साथ भक्तामर महा स्त्रोत पूरे जिनालय में गुंजायमान हो रहा है।अशोका गार्डन जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण पर्व मैं आचार्य गूरूवर 108 श्री विधा सागर महाराज जी के परम प्रभाव शिष्य मुनि मार्दव सागर जी दशलक्षण पर्व में आज उत्तम शौच पर्व के दिन वताते हुए कहा कि ÷तस्स दु धम्मे हवे सोच्चं॥

जो परम मुनि इच्छाओं को रोककर और वैराग्य रूप विचारधारा से युक्त होकर आचरण करता है उसको शौच धर्म होता है। जब मैं बैठा था वह समय, सामायिक का था और एक मक्खी अचानक सामने देखने में आयी। उसके पंख थोड़े गीले से लग रहे थे। वह उड़ना चाहती थी पर उसके पंख सहयोग नहीं दे रहे थे। वह अपने शरीर पर भार अनुभव कर रही थी और उस भार के कारण उड़ने की क्षमता होते हुए भी उड़ नहीं पा रही थी। जब कुछ समय के उपरान्त पंख सूख गये तब वह उड़ गयी। मैं सोचता रहा कि वायुयान की रफ्तार




जैसी उड़ने की पूरी की पूरी शक्ति ही मानों समाप्त हो गयी। थोड़ी देर के लिए उसे हिलना-डुलना भी मुश्किल हो गया। यही दशा संसारी-प्राणी की है। संसारी-प्राणी ने अपने ऊपर अनावश्यक न जाने कितना भार लाद रखा है और फिर भी आकाश की ऊँचाईयां छूना चाहता है। प्रत्येक व्यक्ति ऊपर उठने की उम्मीद को लेकर नीचे बैठा है। स्वर्ग की बात सोच रहा है लेकिन अपने ऊपर लदे हुए बोझ की ओर नहीं देखता जो उसे ऊपर उठने में बाधक साबित हो रहा है। वह यह नहीं सोच पाता कि क्या मैं यह बोझ उठाकर कहीं ले जा पाऊँगा या नहीं? वह तो अपनी मानसिक कल्पनाओं को साकार रूप देने के प्रयास में अहर्निश मन-वचन और काय की चेष्टाओं में लगा रहता है। अमूर्त स्वभाव वाला होकर भी वह मूर्त सा व्यवहार करता है। यूँ कहना चाहिए कि अपने स्वरूप को भूलकर स्वयं भारमय बनकर उड़ने में असमर्थ हो रहा है। ऐसी दशा में वह मात्र लुढ़क सकता है, गिर सकता है और देखा जाए तो निरन्तर गिरता ही आ रहा है। उसका ऊँचाई की ओर बढ़ना तो दूर रहा देखने का साहस भी खो रहा है।प्रवक्ता अंकित कंट्रोल ने बताया आज दशलक्षण पर्व अष्टमी के दिन महिला मंडल की अधिकांश महिलाएं उपवास रखेंगे। शहर के विभिन्न विभिन्न मंदिरों से मुनि श्री के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पधार रहे हैं एवं श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिदिन संगीत में आरती के साथ सांस्कृतिक आयोजन भी हो रहे हैं। बाहर से पधारे बाल ब्रह्मचारी सुशील भैया एवं बाल ब्रह्मचारी भूरा भैया जिनवाणी का अमृत पान श्रद्धालुओं को करा रहे हैं जिसमें विनोद पड़िया डॉ आशिष रानू दिवाकर पवन सुमत सियरमहु रितेश मोंटी जीतू आदि समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु एवं समाज जन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर जिनवाणी अमृत पान कर रहे हैं ।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री कामताशील जन युवा कल्याण समिति के साथ किया पौधरोपण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रतिदिन पौधा लगाने के अपने संकल्प के साथ ही वृक्षारोपण में सामुदायिक सहभागिता को भी निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को स्मार्ट सिटी पार्क में सप्तपर्णी, कचनार और नीम के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री कामताशील जन युवा कल्याण समिति के राजन त्रिपाठी, संदीप तोमर, मयंक जोशी, श्रीमती वंदना तिवारी के साथ भी पौधे लगाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विवेक तिवारी जिनका आज जन्मदिन था के अलावा डॉ. जीवन शर्मा एवं सुनील चौहान के साथ भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सचिन अतुलकर, निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। श्री कामताशील जन युवा कल्याण समिति पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिवर्ष 21,000 पौधे निऱ्शुल्क वितरण व निरंतर पौधारोपण भी करती है और आमजन को निऱ्शुल्क ईलाज उपलब्ध कराती है।

## मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए सी एल सैनी



**पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान।** प्रदेश माली सैनी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सैनी (माली) समाज स. मा. जिला अध्यक्ष श्री सी एल सैनी मां बरवासन सेवा समिति महूकलां के तत्वाधान में बरवासन मां की अष्टमी निशुल्क पद यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम व खारवाल समाज उदेईकलां द्वारा आयोजित विशाल धर्म प्रसादी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए

## पोहरी थाना प्रभारी जितेंद्र चंदोलिया सहित दो को पुलिस अधीक्षक ने किया लाइन अटैच

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने किया पोहरी थाना प्रभारी जितेंद्र चंदेलिया , प्रकाश कोरव , रवि कनौजिया को पुलिस लाइन अटैच मृतक के भाई दीवान धाकड़ ने बताया पोहरी पुलिस द्वारा मेरे भाई को बेरहमी से मारकर 03/07/2022 को हत्या कर दी और तीनों के द्वारा मेरे परिवार को बार-बार धमकी दी जा रही थी सट्टा ना चलाने पर भी रुपयों की मांग की जा रही थी झिरी मैं तीनों की दबंगई चल रही थी और दलालों द्वारा जमकर भ्रष्टाचार करवाया जा रहा था मृतक के भाई को जान से मारने की धमकी दी जा रही है और मृतक के चार बच्चे हैं जो अभी नाबालिक हैं सभी वह अपना भरण-पोषण कहां से करें मृतक की अभी जांच चल रही है जांच को दृष्टिकोण रखते हुए तीनों को हटाया गया है जांच में बाधा डाल रहे थे

## गुटखे के पैसे मांगने पर बदमाशों ने की मारपीट

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत गौर चौकी क्षेत्र में एकता मार्वेसट स्थित एक पान दुकान संचालक ने राजश्री गुटखे का पैसा मांगा तो तीन बदमाशों ने मिलकर पान दुकान संचालक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर जातिगत रुप से अपमानित किया और दुकान में रखा सामान पैसला दिया।

# सीरवी समाज जोधपुर ने हर्षोल्लास के साथ मनाया

### भादवी बीज महोत्सव-2022

### आम सभा मे हुआ संस्थाओं का हुआ पुनर्गठन

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**जोधपुर** :- मधुबन स्थित सीरवी छात्रावास जोधपुर मे सीरवी समाज जोधपुर द्वारा श्री आईमाता जी का 607वां प्रकटो दिवस (भादवी बीज महोत्सव-2022) हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।दीप प्रज्जवलन व श्री आईजी वन्दन एवं मां सरस्वती जी की स्तुति के साथ सुश्री निराली सीरवी व भूमिका सीरवी, यशस्वी चोयल तथा दिनेश सेणचा द्वारा अति मन मोहक एवं धार्मिक प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सामाजिक मान सम्मान किया गया तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक एवं खेल प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सीरवी छात्रावास जोधपुर के संरक्षक भूराराम परिहार ने छात्रावास विकास से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया तथा चुतराराम लालावत ने छात्रावास का आय-व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।सीरवी समाज जोधपुर द्वारा बनाड़ रोड़ पर प्रायोजित व निर्माणाधीन श्री आईमाता मन्दिर कोचिंग सेन्टर एवं अतिथि गृह का आय-व्यय प्रतिवेदन संस्थान के अध्यक्ष मेघाराम सेणचा ने प्रस्तुत किया तथा उक्त पावन पुण्य सामाजिक प्रोजेक्टो मे योगदान देने वाले स्थानीय क्षेत्र के स्वजातिय बन्धुओं के साथ ही विशेषत: चेन्नई एवं बेंगलोर के सम्माननीय भामाशाओं को सीरवी समाज जोधपुर संस्थान की तरफ से साभार अभिनन्दन सहित ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।आयोजित आम सभा मे सीरवी समाज जोधपुर हेतु अध्यक्ष चैनसिंह गहलोत, उपाध्यक्ष जयराम लालावत, सचिव रतनलाल लेरचा, सह सचिव ओमप्रकाश काग, कोषाध्यक्ष चेतनप्रकाश चोयल तथा सह कोषाध्यक्ष बाबुलाल मुलेवा को चुना गया। मन्दिर एवं कोचिंग सेन्टर तथा अतिथिगृह निर्माण संस्था श्री आईमाता सीरवी सेवा संस्थान, जोधपुर हेतु अध्यक्ष मेघाराम सेणचा,उपाध्यक्ष भंवरुराम राठौड़, सचिव-माधुराम चोयल, सह सचिव (शिक्षा) गोपीलाल सिंदड़ा तथा कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश पंवार को चुना गया। समन्वयक हेतु सम्माननीय वरिष्ठ नागरिक पन्नालाल हाम्बड़ को चुना गया। बनाड़ रोड़ पर निर्माणाधीन श्री आईमाता मन्दिर एवं कोचिंग सेन्टर तथा अतिथि गृह भवन मे भी भादवी बीज के उपलक्ष पर सांय दीप प्रज्वलन व आईजी वन्दना के साथ भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। उपस्थित सभी धर्म प्रेमी सज्जनो ने अन्तर ह्रदयिक खुशी से आनन्द विभोर होकर भजन संध्या के साथ संयुक्त रुप से डांडिया नृत्य करते हुए पुरोधाओं की याद को तरो ताजा कर दिया। श्री आईमाताजी के जयघोष के साथ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से योगदान देने वाले सभी भामाशाहो एवं कार्यकर्ताओं की जय जयकार से पुरा भवन गूंज उठा। आईपंथ के अनुयायियों के ह्रदय की पुकार को माँ आईजी अवश्य सुनेगें तथा इस भवन मे श्री आईमाता जी की परम केशर ज्योत अतिशीघ्र ही प्रकाशमान होगी। आस्था एवं शिक्षा तथा चिकित्सकीय माननीय सेवा से समावेशित उक्त बहुद्देशीय भवन के विकास मे योगदान देने वाले समस्त भामाशाओं को धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही श्री आईमाताजी के जयघोष के साथ भादवी बीज महोत्सव-2022 हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।






## काँग्रेस पार्टी को कार्यकर्ता नहीं मिले तो भाजपा कार्यकर्ता को दिल्ली की रैली में बहला फुसलाकर ले गये-भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा का आरोप



काँग्रेस द्वारा दिल्ली में मंहगाई के खिलाफ रैली प्रदर्शन आयोजित किया गया है जिसमें संख्या बढ़ाने के नाम ज्यादा से ज्यादा लोगों को ले जाने का लक्ष्य को पूरा करने कार्यकर्ताओं को लेकर जाना था जिसमें मटिया ग्राम पंचायत के सरपंच कामसिंह ध्रुवा को भी कांग्रेसियों ने बोला रहा होगा किन्तु सरपंच को कांग्रेसी कार्यकर्ता नहीं मिले तो भाजपाई कार्यकर्ताओं ग्राम मुनगापदर से देवीसिंह मरकाम और जयराम नेताम को रैली प्रदर्शन में ले गए हैं । भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा ने बताया कि विगत दिनों ग्राम मुनगापदर क्षेत्र के लोकप्रिय नुवाखाई पर्व में गये थे तो पता चला कि देवीसिंह मरकाम एवं जयराम नेताम को भाजपा सदस्य ऑन लाईन बनाया गया था और ये दोनों भाजपा के जीवट कार्यकर्ता है जिसे दिल्ली घूमने जा रहें है करके बहला फुसलाकर ले गया है । इस क्षेत्र के चिरपरिचित भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने कांग्रेसियों पर आरोप लगाया है कि कार्यकर्ता नहीं मिल रहा तो भाजपाई कार्यकर्ताओं को बहला फुसलाकर ले जा रही है जो ठीक नहीं है



# जितेंद्र और छाया ठाकुर ने विभागों से दिए इस्तीफे

### -नगर निगम एमआईसी में विभागों को लेकर कलह

### -नाराज पार्षद विधायक कृष्णा गौर से मिले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में शहर सरकार के मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे के बाद भाजपा नेताओं में कलह की स्थिति बन गई है। गोविंदपुरा विधायक कृष्णा गौर ने बंटवारे पर कड़ी आपत्ति और नाराजगी जताई है। रात में ही उनके दो समर्थक मेयर इन काउंसिल यानी, एमआईसी मेंबर ने इस्तीफे दे दिए थे। वहीं, शनिवार को विधायक गौर के बंगले पर गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के पार्षदों की बैठक बुलाई। इसमें प्रमुख नेता भी शामिल हैं। विधायक गौर ने कहा- 45 साल से गोविंदपुरा विधानसभा बीजेपी का गढ़ है। शहर सरकार को विधानसभा क्षेत्र का सम्मान रखना था। एमआईसी मेंबर नाराज हैं। इसलिए ही इस्तीफे दिए हैं। वे मुझसे बात करने आए। उनसे चर्चा की है। संगठन में भी अपनी बात रखी है। बता दें कि महापौर मालती राय ने शुक्रवार शाम को एमआईसी सदस्यों की मीटिंग ली थी। इसके बाद विभागों का बंटवारा किया गया था। बंटवारे के करीब चार घंटे बाद ही कलह की स्थिति बन गई। एमआईसी सदस्य जितेंद्र शुक्ला और छाया ठाकुर ने विभागों से इस्तीफे दे दिए। शुक्ला को वित्त एवं लेखा और ठाकुर को शहरी गरीबी एवं उपशमन विभाग मिले थे। नगर निगम के चुनाव में गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के कुल 17 पार्षद जीते हैं। इनमें से दो को एमआईसी में शामिल किया है। उन्होंने विभागों से अपने इस्तीफे दे दिए। यानी, वे एमआईसी मेंबर तो हैं, लेकिन विभाग नहीं रखना चाहते।

**विधायक ने ली बैठक:** विभागों के बंटवारे से उठी कलह के बाद शनिवार सुबह से पार्षद और समर्थक विधायक गौर के बंगले पर जुटने लगे। दोपहर 12 बजे विधायक ने सभी की मीटिंग भी ली। हालांकि, मीटिंग में क्या चर्चा हुई, ये सामने नहीं आया है। लेकिन बंटवारे पर जमकर नाराजगी जताई। खुद विधायक नाराज दिखाई दी। उन्होंने बताया, महापौर की जीत में गोविंदपुरा विधानसभा का बड़ा योगदान रहा है। ऐसे में अपेक्षा थी कि महापौर पर्याप्त सम्मान एमआईसी के बंटवारे में देंगी, लेकिन दूसरी विधानसभाओं की तुलना में गोविंदपुरा विस की उपेक्षा की गई है। एमआईसी के बंटवारे पर पुनर्विचार होना चाहिए। संगठन को बिना विश्वास में लिए एमआईसी का फैसला लिया गया है। एमआईसी बंटवारे को लेकर निश्चित रूप से आपत्ति है। इस्तीफा देने वाले एमआईसी मेंबर शुक्ला ने बताया, कल विभागों का बंटवारा हुआ है। गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र को उपेक्षित किया गया है। इसलिए विभागों से इस्तीफे दिए हैं। संगठन के सामने बात रखी है। गोविंदपुरा से 17 पार्षद जीतकर आए हैं। अन्य विधानसभाओं की तुलना में गोविंदपुरा की उपेक्षा की गई है।

**बंटवारे पर कांग्रेस ने ली चुटकी:** एमआईसी सदस्यों को विभागों के बंटवारे और दो सदस्यों के इस्तीफे देने से राजधानी की सियासत भी गरमा गई है। कांग्रेस ने भी इस पर चुटकी ली है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा ने कहा- बीजेपी क्षेत्रीय विधायक कृष्णा गौर को पॉलिटिकल क्वारेंटाइन किया जा रहा है। इस लड़ाई का खामियाजा जनता को भुगतना होगा।

**कृष्णा गौर की नहीं चली:** नगर निगम में मेयर इन कौंसिल सदस्यों को विभागों के बंटवारे में बीजेपी के सभी सीनियर नेताओं की चली, सिर्फ विधायक गौर को छोड़कर। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, विधायक रामेश्वर शर्मा आदि की पसंद को ध्यान में रखा गया, लेकिन 17 पार्षदों को जीताने में महत्वपूर्ण किरदार रही विधायक गौर की नहीं चली। विभागों के बंटवारे पर इतना विवाद इसलिए भी है कि अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए जनता से जुड़े पानी, सफाई, बिजली, निर्माण कार्य जैसे विभागों पर सबकी नजर थी। यही विभाग ऐसे हैं।

# मप्र में मंत्रियों की सार्वजनिक बयानबाजी पर संगठन नाराज

### दोनों मंत्री को मिली नसीहत, सीएम से चर्चा के बाद सिसोदिया बोले- सारे गिले शिकवे दूर हो गए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर सिंधिया खेमे के दो मंत्रियों ने प्रशासनिक अफसरों पर नाराज जताई थी। मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया और मंत्री बृजेन्द्र यादव ने अपने ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। अब बीजेपी संगठन से मिली नसीहत और सीएम शिवराज से चर्चा के बाद इनकी नाराजगी दूर हो गई है। मंत्री सिसोदिया ने कहा कि सारे गिले-शिकवे दूर हो गए हैं।

मंत्रियों की सार्वजनिक बयानबाजी को लेकर बीजेपी संगठन भी नाराज हुआ है। सार्वजनिक तौर पर ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर उठाए गए मुद्दे प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा और संगठन महामंत्री नित्यानंद शर्मा के बीच चर्चा हुई। संगठन ने मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया और बृजेंद्र यादव को सार्वजनिक बयानबाजी से बचने की नसीहत दी। बीजेपी संगठन से दोनों मंत्रियों को समझाइश मिली है। बयानबाजी से सरकार की छवि को नुकसान पहुंचने की बात की कही गई। ऐसी बयानबाजी से पहले सरकार में ही बातचीत के लिए कहा गया है।

**सारे गिले-शिकवे दूर हो गए- मंत्री सिसोदिया:** इधर मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया की नाराजगी दूर हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज और मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया की फोन पर बातचीत हुई है। बातचीत के बाद मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि बहुत अच्छी बातचीत हुई है। सारे गिले-शिकवे दूर हो गए हैं। अब किसी तरह की कोई शिकायत नहीं है और पहले भी शिकायत नहीं थी। मंत्री सिसोदिया ने गोविंद सिंह और कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को आलोचना के अलावा कोई काम नहीं बचा। कांग्रेस ने हमारी फिक्र की बहुत-बहुत धन्यवाद। मुख्यमंत्री शिवराज से अच्छा कोई सीएम पूरे देश में नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराज सब कुछ ठीक कर लेंगे।

**मंत्री सिसोदिया ने चीफ सेक्रेटरी पर जताई नाराजगी:** शिवराज सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने एमपी के चीफ सेक्रेटरी पर नाराजगी जताई है। मंत्री ने कहा कि वो निरंकुश होते जा रहे हैं। सीएम शिवराज को जननेता बताया है। वह भारत के सबसे अच्छे मुख्यमंत्री है। शिवपुरी एसपी राजेश चंदेल की मनमानी का मामला है। थाना प्रभारियों की पोस्टिंग में मनमानी को लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया नाराज हैं। कलेक्टर अक्षय सिंह को पत्र लिखकर नाराजगी जाहिर की है। शिवपुरी जिले के मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया प्रभारी मंत्री हैं। बिना प्रभारी मंत्री के संज्ञान में लाए एसपी ने थाना प्रभारियों का तबादला कर दिया। कलेक्टर अक्षय सिंह ने भी प्रभारी मंत्री के पत्र पर जबाब नहीं दिया।

**मंत्री बृजेन्द्र यादव ने सहकारिता संस्था में नियुक्ति पर जताई अपत्ति:** वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री बृजेन्द्र यादव ने सहकारिता संस्था में नियुक्ति पर आपत्ति जताई है। कार्रवाई और जांच की मांग को लेकर सहकारी आयुक्त को पत्र लिखा। उप अंकेक्षण अभिषेक जैन पर कार्रवाई की मांग की है। किसी डिप्टी कलेक्टर स्तर के अफसरों से जांच की जाए। इससे पहले भी अशोकनगर कलेक्टर को पत्र लिखा गया था।

**मध्यप्रदेश सरकार पर ब्यूरोक्रेसी हावी- कांग्रेस:** नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि नौकरशाही नेताओं जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रही है। मध्यप्रदेश में अब यह आम बात हो चुकी है। सरकार का ब्यूरोक्रेसी पर अंकुश नहीं है। कांग्रेस की सरकार गिरा कर मंत्री सिसोदिया ने पाप किया। इसलिए उन्हें अब यह दिन देखने ही पड़ेंगे। अफसरों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा का कहना है कि सरकार की ब्यूरोक्रेसी से पकड़ खत्म हो गई है। सिंधिया खेमे के मंत्री सरकार में क्वारंटीन हैं। सरकार में मंत्रियों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मंत्री और विधायकों के अधिकारी फोन नहीं उठाते है। सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। मध्यप्रदेश सरकार पर ब्यूरोक्रेसी हावी हो गए हैं।

**कांग्रेस ने बताया बुआ-भतीजे के वर्चस्व की लड़ाई:** एमपी में महेंद्र सिंह सिसोदिया और मंत्री बृजेन्द्र यादव की नाराजगी के बाद सियासत तेज हो गई है। इस पर कांग्रेस नेता नरेंद्र सलूजा का कहना है कि शिवपुरी जिले में भुआ-भतीजे के वर्चस्व की लड़ाई है।

# बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा बोले- अवैध मदरसों को तोड़ा जाएगा

### मदरसों पर एमपी की सियासत गर्म

**भोपाल।** एक बार फिर से मदरसों पर एमपी की सियासत गर्म हो गई है। मदरसों पर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रहे अवैध मदरसों को तोड़ा जाएगा। सरकार के सर्वे में पाए जाने वाले अवैध मदरसों पर कार्रवाई होगी। इन मदरसों में देश विरोधी गतिविधियां चल रही है। वहीं अवैध मदरसों पर कार्रवाई पर कांग्रेस ने हमला बोला है। कांग्रेस नेता पीसी शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ नुकसान का सर्वे हुआ नहीं हैं। सरकार ने अभी तरक किसी भी पीड़ित को मुआवजा नहीं दिया है। ये लोग केवल धर्म और जाति पर बात करके सुर्खियों में आना चाहते हैं।

अवैध मदरसों पर विधायक रामेश्वर शर्मा शनिवार को एक बार फिर से बड़ा बयान देते हुए कहा कि चल रहे मदरसों से हमें कोई एलर्जी नहीं है। सरकार पूरी तरह शिक्षा को बढ़ावा देना चाहती है। जिन मदरसों में देश विरोधी गतिविधियां संचालित होती है। या फिर ऐसे मदरसे हैं जहाँ पर ढ्स्द्ध और तालिबानी गतिविधियां भी देखने को मिलती है। उन अवैध मदरसों को तोड़ा जाएगा। कई मदरसों में भारत भक्ति की जगह भारत विरोधी मानसिकता है। ऐसे मदरसे जल्द ही सर्वे में आएंगे और सीधे तोड़े भी जाएंगे। वहीं विधायक रामेश्वर शर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता पीसी शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ नुकसान का सर्वे हुआ नहीं हैं। सरकार ने अभी तरक किसी भी पीड़ित को मुआवज़ा नहीं दिया है। बीजेपी युवा मोर्चा का एक नेता पाकिस्तानी एजेंसी के साथ काम करता था। ये केवल धर्म और जाति पर बात करके सुख़ीयों में आना चाहते हैं। पहले ये अपने लोगों को चिन्हित करें फिर कोई सर्वे करें।

पीसी शर्मा ने कहा कि इनके मंत्रियों की कोई सुन नहीं रहा है। न फोन उठा रहा है। सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे है। वहीं पार्षद आपस में झगड़ रहे हैं। ये लोग इन सब चीज़ों से ध्यान भटकाने के लिए ये ऐसे बयान देते हैं। पहले ये अपने लोगों को चिन्हित करें फिर कोई सर्वे करें। संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने भी अवैध मदरसों को बंद करने की बात कही थी। ठाकर ने कहा था कि राज्य सरकार को विभिन्न माध्यमों से जानकारी मिली है कि प्रदेश में कागजों पर मदरसे चल रहे हैं। कुछ मदरसे ऐसे भी हैं।

आंखों से झर्झर आंसू निकल पड़े....

# जब कृष्ण...भक्त नरसी के बेटे बनकर भात भरने पहुंचे

ग्वालियर । श्री श्याम उत्सव समिति द्वारा खाटू श्याम के नवीन मंदिर राधा की हवेली भाई साहब की परेड लक्ष्मीगंज पर बीते रोज फरीदवाद से आई राशि पाटनी द्वारा नानी बाई के मायरे कथा का समापन हुआ ।जिसमें स्वयं कन्हैया ने आकर अपने भक्त नरसी की बेटी का भात कन्हैया रुक्मणी और उनके साथ उनके बाल गोपाल अपने साथ सोने हीरे चांदी के आभूषण और नवीन वस्त्र लेकर आए थे।ढोल नगाड़े के साथ नानी बाई के मायके वाले कि बारात में थे स्वम् कह्विय्या नानी बाई को नहीं मालूम था कि उनका भाई सावंत अब जीवित नहीं लेकिन कन्हैया ने सावंत का रूप रखा नानी बाई ने जैसे ही अपने भाई सावंत को देखा उसके गले से लिपट कर रोने लगी।





मीडिया प्रभारी शिरीष गुप्ता गुड्डू भैया ने बताया किजब पता लगा किसके गले से नानी बाई लिपटी है वह सावंत उनका भाई नहीं स्वयं जगत का पालनहार भगवान कृष्ण है, नानी बाई की आंखों से आंसू जर्जर बहने लगे और जिस नरसी को नानी बाई के ससुराल वालों ने गरीब समझकर अपमानित किया था नरसी की बेटी के भारत में ना केवल नानी बाई का भात भरा बल्कि अनजान ग्राम के एक एक घर को सोने और चांदी के आभूषण भी दिए ।

अंत में कन्हैया ने यह कहकर सोने और चांदी आभूषणों की बरसात कराई जो कोई भक्त भात लेने से रह गया है उसके घर यह भात का सामान पहुंच जाए भात भरते वक्त खाटू श्याम मंदिर राधा की हवेली का माहौल अनजान ग्राम सा हो गया था।

तमाम भक्त अपने अपने हाथों में भारत का सामान लेकर आए थे सभी की आंखों से झर झर आंसू बह रहे थे भक्ति नुमा माहौल में ऐसा लग रहा था कि मानो वृंदावन और मथुरा का माहौल आज खाटू जी के मंदिर राधा की हवेली में बना बाद में मौजूद भक्तों को भरे हुए भारत का प्रसाद भी दिया गया।

### खाटू श्याम नरेश की अमर कथा आज

4 सितंबर से 6 सितंबर तक सायंकाल 4ः00 से रात्रि 8ः00 बजे तक कलयुग अवतारी खाटू श्याम नरेश की अमर कथा खाटू नगरी से आ रहे श्याम रत्न पप्पू शर्मा खाटू वाले द्वारा सुनाई जाएगी।श्री श्याम उत्सव समिति के पदाधिकारी गोपाल अग्रवाल राकेश बंसल ,उमेश गर्ग, मनोज भार्गव, विजय बंसल, शिवम सोनी ,तरुण बंसल आज के कार्यक्रम में अपने व्यवस्थाओं के साथ आए हुए भक्तों से भात का सामान लेकर खाटू श्याम के दरबार तक पहुंचा रहे थे ।श्याम म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा संगीत सुनाया जा रहा था। समस्त जानकारी नौ दिवसीय आयोजन के मीडिया प्रभारी शिरीष गुप्ता गुड्डू भैया द्वारा दी गई। समिति ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से निवेदन किया है कि आने वाले वक्त समय का विशेष ध्यान रखें खाटू श्याम की कथा साईं काल 4ः00 बजे से प्रारंभ हो जाएगी।

## वेतन निर्धारण के लिये 5 से 9 सितम्बर तक लगेंगे विशेष शिविर

ग्वालियर। शासकीय सेवकों के सातवे वेतन निर्धारण अनुमोदन के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय के तत्वावधान में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। ये शिविर 5 से 9 सितम्बर तक यहाँ चन्द्रबदनी नाका के समीप स्थित नवीन राजस्व भवन में लगाए जायेंगे। इसमें ग्वालियर संभाग के सभी जिलों के शासकीय सेवकों के वेतन निर्धारण संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा ने संभाग के सभी जिलों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा है कि वे अपने अधीनस्थ ऐसे शासकीय सेवकों जिनका सातवे वेतनमान में वेतन निर्धारण नहीं हो पाया है, उनके प्रकरण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर डीडीओ स्तर से ऑनलाइन अनुमोदन कर मूल सेवा पुस्तिका आईएफएमआईएस जनरेटेड पत्रक के साथ इस शिविर में अवश्य प्रस्तुत करें, जिससे शासन के निर्देशों के पालन में वेतन निर्धारण का अनुमोदन किया जा सके।

### चंबल संभाग के प्रकरणों के निराकरण के लिये जिला कोषालय मुरैना में लगेंगे शिविर

इसी तरह चंबल संभाग के सभी जिलों के वेतन निर्धारण संबंधी प्रकरणों के निर्धारण के लिये 5 से 9 सितम्बर तक जिला कोषालय मुरैना में शिविर लगाए जायेंगे।

## हाईवे पर दौड़ती कार अचानक द बर्निंग कार में तब्दील हुई

### प्रॉपर्टी डीलर ड्राइवर समेत कूदा

ग्वालियर । ग्वालियर के घाटीगांव में हाईवे पर दौड़ती कार अचानक द बर्निंग कार बन गई। कार में आग देख चालक और प्रॉपर्टी डीलर गेट खोलकर कूद गए। कुछ ही मिनट में कार आग का गोला बन गई। घटना आधी रात को आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। कार सवार प्रॉपर्टी डीलर महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन जा रहे थे। कार में आग लगने की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह खाक हो चुकी थी। कार में आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका है।

उपनगर ग्वालियर स्थित सिविल हॉस्पिटल के पीछे गोसपुरा नंबर दो निवासी अजय सिंह चौहान प्रॉपर्टी कारोबारी है। शुक्रवार रात वह उज्जैन महाकाल के दर्शन करने के लिए अपनी कार से निकले थे। कार को चालक इंद्रभान सिंह चला रहा था। कार स्क्र07 ष्टक्र-7791 में सवार होकर अजय अभी आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाटीगांव इलाके में पहुंच थे कि कार में अचानक जलने की बू आई। अजय जब तक कुछ समझ पाते कार से लपटें निकलने लगीं। तत्काल ड्राइवर समेत कार से नीचे कूद गए। देखते ही देखते कार ने विकराल रूप ले लिया।



### हाईवे पर 7 दिन में तीसरी घटना

प्रॉपर्टी कारोबारी ने डायल - 100 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने दमकल अमले और एंबुलेंस को सूचना दी, जिससे समय रहते दमकल और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी। कोई घायल नहीं होने पर एंबुलेंस वापस लौट आई। आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर पनिहार और घाटीगांव के बीच करीब 20 किमी के एरिया में यह 7 दिन में तीसरी आग है। इससे पहले प्लास्टिक के दाने से भरा ट्रक अचानक लगी आग में पूरा जल गया था।

### प्रॉपर्टी डीलर की कार में आग लगी

घाटीगांव थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि उज्जैन जा रहे प्रॉपर्टी कारोबारी की कार में आग लग गई थी। घटना में कार जल गई है, प्रॉपर्टी कारोबारी और उनका चालक सुरक्षित है। मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मां-बेटे ने मकान का अनुबंध कर कारोबारी को लगाई 17 लाख की चपत

ग्वालियर । मां बेटे ने एक कारोबारी को मकान का अनुबंध कर 17 लाख रुपए की चपत लगा दी। पता चला कि आरोपी उस मकान को किसी और को बेच चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शहर के दौलतगंज निवासी ओमप्रकाश राठौर पुत्र महेश राठौर व्यवसायी है । वर्ष 2010 में उनकी मुलाकात रतन कुमार नागरानी और उनकी मां सुशीला देवी से हुई। इसके बाद परिचय बढ़ा और वर्ष 2016 में रतन व उसकी मां सुशीला देवी ने कुछ पैसों की जरूरत बताकर मदद मांगी और साथ ही कहा कि वह अगर उनकी मदद करता है तो वह उसे जगताप की गोठ स्थित अपना मकान का नीचे का हिस्सा बेच देंगे। उनकी बातों में आकर वह तैयार हो गया और 17 लाख रुपए में मकान का सौदा हो गया। अनुबंध करते समय रतन कुमार और सुशीला देवी ने बताया कि मकान पर कुछ लोन है और 17 लाख रुपए जमा कराकर वह अपने मकान को बैंक से मुक्त कराएंगे और फिर उनके नाम मकान की रजिस्ट्री करेंगे। इस पर वह तैयार हो गया और रुपए दे दिए। पर इसके बाद वह चक्कर ही काटते रहे दोनों आरोपी मकान की रजिस्ट्री नहीं कर रहे थे। ठगी का पता उस समय चला जब काफी समय बीत गया और आरोपी रजिस्ट्री न करते हुए उन्हें टहलाते रहे। पीड़ित ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि इस मकान को मां और बेटे ने किसी ज्योति पत्नी राजेश को बेच दिया है। इसका पता चलते ही वह थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रक की टक्कर से पत्नी की मौत पति घायल

ग्वालियर ।पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में निरावली तिराहे पर बाइक से आ रहे दंपति को एक ट्रक ने टक्कर मार दी घटना में महिला की मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया ।पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार तिघरा थाना क्षेत्र के खेरिया कुलैथ निवासी दामोदर सेन के साढू के बाबा का मुरैना में निधन हो गया था ।दामोदर अपनी पत्नी उमा के साथ उनकी तेरहवीं में मुरैना गए थे। जब वह वापस आ रहे थे तभी निरावली तिराहे पर एक ट्रक नंबर आरजे 11 जीवी 8264 उनकी बाइक में टक्कर मार दी ।इस घटना में बाइक पर बैठी उमा देवी की मौके पर ही मौत हो गई वह दामोदर से घायल हो गए ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और घायल को इलाज के लिए अस्पताल के आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### जनरल स्टोर संचालक में गोली मारने बाले दो आरोपी पकड़े

भितरवार । जनरल स्टोर संचालक चंद्रप्रकाश अग्रवाल पर जानलेवा हमला करने बाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं वारदात की योजना में शामिल दो आरोपी पुलिस की पकड़ से अभी दूर हैं। जिन्हें जल्द दबोचने की बात एसडीओपी द्वारा कही जा रही है। बीते रोज गुरूबार शाम को मेन तिराहे स्थित प्रकाश जनरल स्टोर पर पहुँचे बदमाशों ने 2 लाख रुपये का टेरर टेक्स न देने पर जनरल स्टोर के संचालक में गोली मार दी थी। वारदात में दुकानदार बाल बाल बचा था। वहीं घटना के बाद शुक्रवार को नगर के व्यापारियों ने सड़कों पर बाजार बंद कराते हुए उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। और एसडीओपी से आरोपियों को पकड़ने की मांग। जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वारदात को अंजाम देने बाले आरोपी ऐदल सिंह गुर्जर और शैलू गुर्जर को छीमक गांव से गिरफ्तार किया है। वहीं वारदात की योजना में शामिल दो अन्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। आरोपियों को चंद घंटों में ही पकड़ने में एसडीओपी अभिनव कुमार बारंगे, थाना प्रभारी प्रसांत शर्मा,उप निरीक्षक शुभम शर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

### सत्य बोलना सत्य नहीं है, इस संसार में जीना सत्य हैः मुनिश्री

**आज मुनिश्री के सानिध्य भगवान पुष्पदंत के मोक्षकल्याणक पर लड्डू चढ़ेगा**

ग्वालियर । सत्य का आधार ही संयम है। झूठ बोलने वाला भी सत्य को झूठला नहीं सकता। जो वस्तु का स्वभाव है वही सत्य है। जिस तरह पानी का स्वभाव शीतलता, अग्नि का स्वभाव उष्णता होता है यदि पानी को आंच पर रखा जाए तो वह उष्ण होगा लेकिन जैसे ही उसको कुछ समय प्रकृतिस्य कर दो वह अपने शीतल जीव का स्वभाव में आ जाएगा। ऐसे ही प्रत्येक जीव का स्वभाग क्षमा, मृदुता, ऋतुता, सरलता है और यही सत्य है। सत्य बोलना सत्य नहीं है, इस संसार में जीना सत्य है। बिरले लोग हैं जो सत्य पर चलते है। सत्य बोलना आसान है पर सत्य पर जीना कठिन है। उक्त उद्गार पर्युषण पर्व के चौथे दिन शनिवार को उत्तम सत्य धर्म पर श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनामय बर्षयोग समिति, सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार के तत्वावधान में माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि लोगों की धारणा बनी हुई है कि वे यदि सत्य का पालन करेंगे तो उनका सारा काम बिगड़ जाएगा। व्यापार में, नौकरी में, समाज में सभी जगह बहुत कठिनाई आ जाएगी। यह मन की दुर्बलता है। झूठा व्यक्ति ही सदैव भयभीत रहता है, न मालूम कब उसके झूठ का भेद खुल जाए। सत्य के बिना अभय नहीं होता है। सत्यनिष्ठ निर्भीक और निर्भय होता है। सत्य की सदैव विजय होता है। उन्होंने कहा कि जीवन का शाश्वत सुख प्राप्त करना है, तो मन, वचन, कार्य से सत्य आचरण को अपने जीवन में प्रतिष्ठित करने की जरूरत है। धर्मसभा का शुभारंभ सुरेश चंद ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन ममता जैन परिवार ने मुनिश्री के पादप्रक्षालन किए।

**इंद्रो ने किया जिनेंद्र भगवान का अभिषेक**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य व पंडित ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन के मार्ग दर्शन में इंद्रो ने मंगल कलशों से भगवान जिनेंद्र का जयकारों के साथ जलअभिषेक किया। मुनिश्री ने अपने मुखबिंद से भगवान की शांतिधारा विनोद विपिन जैन, विमल जैन, कपूरचंद जैन परिवार ने की।

## पुलिस के हाथ लगा इंटरस्टेट वाहन चोर गिरोह

### ग्वालियर से चोरी कर मुरैना में डंप करते थे वाहन फिर राजस्थान में बेच देते थे

ग्वालियर । ग्वालियर पुलिस के हाथ इंटरस्टेट वाहन चोर गिरोह लगा है। हजीरा इलाके में रहने वाला एक पुराना हिस्ट्रीशीटर यह गिरोह चला रहा था। पुलिस ने मुरैना और धौलपुर राजस्थान सहित गिरोह के 3 सदस्यों को पकड़ लिया है। कुछ ही घंटों में 9 दो पहिया वाहन चोरी के बरामद हो गए हैं। गिरोह ग्वालियर से वाहनों को चोरी कर मुरैना में डंप करता था।

जब मामला ठंडा हो जाता था तो चोरी के वाहनों को राजस्थान में 5 से 7 हजार रुपए में बेच दिया जाता था। महंगी से महंगी बाइक 5 से 10 हजार रुपए में मिल जाती थीं। अभी पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। आशंका है कि गिरोह ने आधा सैकड़ा से ज्यादा बाइक शहर में चोरी की हैं।



हजीरा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक वाहन चोर कुछ दिन पहले चोरी की बाइक को बेचने के लिए हजीरा इलाके में कस्टमर तलाश रहा है। चोर को कस्टमर मिल गया है और कुछ ही देर बाद डील होने वाली है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस की एक टीम लगाई गई। तभी एक युवक बाइक के साथ आया। पुलिस ने जब उसको देखा तो हुलिया से वाहन चोर लगा। जैसे ही पुलिस उसकी तरफ बढ़ी तो वह भागने लगा। जिस पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ा और उसके पास मिली बाइक के दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दे सका। पकड़े गए युवक को थाने लाकर पूछताछ की तो पहले वह इधर-उधर की कहकर पुलिस को टहलाता रहा, जब पुलिस ने अपने तरीके से पूछताछ की तो उसने बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। एक बार बताना शुरू किया तो फिर पूरी कहानी पुलिस अफसरों को सुना दी कि किस तरह वह अपने दो अन्य साथियों के साथ ग्वालियर-मुरैना में वारदात को अंजाम देता है। उसने अपने दोनों साथियों के नाम बता दिए।

### मुरैना-धौलपुर राजस्थान से उठाए इंटरस्टेट गैंग के दो सदस्य

पकड़े गए चोर ने बताया कि उसके दो अन्य साथी भी उसके साथ वारदात में शामिल हैं, जिसमें एक मुरैना और दूसरा धौलपुर में है। इसका पता चलते ही एक टीम हितेश शर्मा के नेतृत्व में धौलपुर तथा दूसरी टीम एसआई रवि नरवरिया के नेतृत्व में मुरैना के लिए पहुंचाई गई। पुलिस की टीम ने दोनों वाहन चोरों को पकड़कर एक पूरी इंटरस्टेट वाहन चोर गिरोह को पकड़ा है। जो राजस्थान और मध्य प्रदेश में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। इनसे 4 घंटे की पूछताछ में 9 चोरी किए गए दोपहिया वाहन बरामद कर लिए गए हैं।

### ग्वालियर से चोरी राजस्थान में खपाते थे

पकड़े गए चोरों ने बताया कि ग्वालियर से चोरी करने के बाद वाहनों को राजस्थान में खपाते थे और राजस्थान से चोरी वाहन मुरैना में। पुलिस अफसरों का मानना है कि पकड़े गए चोरों से पूछताछ के बाद काफी संख्या में वाहन बरामद हो सकते हैं और साथ ही पता चला है कि घटना में लोकल चोर को शामिल नहीं करते थे, लोकल चोर अपने क्षेत्र में बस वाहन बिकवाने में मदद करता था। ताकि फुटेज आने पर वह पकड़े ना जा सकें।

## कृषि विवि इन्क्यूबेशन सेंटर के एफपीओ को मिले नेशनल अवार्ड्स

**ग्वालियर । सेंटर फार एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन एवं इंटरप्रेन्योरशिप के मार्गदर्शन में गठित किसान उत्पादक समूह को दो नेशनल अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। इन दोनों पुरस्कारों में पहला देश के बेस्ट एग्री स्टार्टअप 2021-22 एवं दूसरा बेस्ट इर्मजिंग एफपीओ पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान - राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी हैदराबाद द्वारा प्रदान किये गये हैं।**

उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये सेंटर फार एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन एवं इंटरप्रेन्योरशिप के नोडल ऑफीसर डॉ. सुधीर सिंह भदौरिया ने बताया कि उक्त पुरस्कार चंबल एग्रो फार्मर प्रोडेसर कंपनी को यह पुरस्कार नीति आयोग के साथ जैविक खेती , किसान स्टोर, जिला पंचायत ग्वालियर के साथ मिलकर एप के माध्यम से कोरोना काल में आवश्यक खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति , आलू की संविदा खेती, सौर उर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया गया है। सेंटर फार एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन एवं इंटरप्रेन्योरशिप के नोडल ऑफीसर भदौरिया ने बताया कि उन्होंने एक टीम तैयार कर उसके माध्यम से नाबार्ड द्वारा एक कृषि स्टार्टअप स्थापित करने के इच्छुक 90 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है और उनको संस्थान द्वारा उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है। एवं हर संभव मदद की जा रही है। जिससे कृषि उद्यमी आत्मनिर्भर बन सकें एवं देश की प्रगति में सहयोग कर सकें। उन्होंने बताया कि संस्थान ने अब तक विभिन्न प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार कर ली है तथा उन्हें उम्मीद है कि यह सभी भी जल्द से जल्द अपना कार्य शुरू कर देंगे। संस्थान ने अनेकों राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू करार भी किया है। उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यो में राजमाता विजयाराजे कृषि विश्वविद्यालय , स्थानीय प्रशासन व नाबार्ड का भरपूर सहयोग रहा है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही अंचल में स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित किया जायेगा।

### ऐसे मिला पुरस्कार

इस अवसर पर चंबल एग्रोफार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के संस्थापक नरेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि सेन्टर फॉर एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन एवं इंटरप्रेन्योर शिप ने शुरू से ही उनके कार्य का उचित मार्गदर्शन किया। इसी के चलते उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। नरेन्द्र तोमर ने बताया कि यह पुरस्कार ग्वालियर-चंबल अंचल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि इससे प्रेरित होकर अन्य किसान उत्पादक समूह भी पूरी शक्ति से कार्य कर सफलता प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि अब वह चंबल एग्रो को राष्ट्रीय स्तर पर लेकर जायेंगे।इस अवसर पर आदित्य सिंह, रौनक सिंह, निर्भान सिंह सतीश आदि मौजूद थे।

## भारत में 114 करोड की वर्किंग पापुलेशन, लेकिन श्रम दक्षता जरूरीः उपाध्याय




### भारत के श्रम की विश्व भर में मांग

ग्वालियर । भारत में 114 करोड वर्किंग पापुलेशन है, कोरोना के बाद सारी दुनियां में कामकाजी परिस्थितियां बदली हैं, लेकिन भारत में श्रम हर क्षेत्र में अपने आप विधा लिये है। हम देश को इसी श्रम शक्ति को समय की आवश्यकतानुसार गहन प्रशिक्षण और शिक्षण प्रदान करने की दिशा में आगे बढे हैं, यही कारण है कि कोरोना जैसे काल में भारत का श्रम कभी धीमा नहीं पडा, हर देश में भारतीय श्रम की मांग बढी है।

उक्त उदगार आज दंत्तोपंत ठेंगडी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड भारत सरकार के अध्यक्ष विरजेश उपाध्याय ने पत्रकारों से चर्चा में व्यक्त किये। विरजेश उपाध्याय नई दिल्ली से ग्वालियर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने आये हुये हैं। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि बोर्ड का उददेश्य राष्ट्रहित भावना को ध्यान में रखकर श्रमिकों को उनकी व कामगार की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण देना है अभी तक सवा करोड से भी ज्यादा श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड अध्यक्ष विरजेश उपाध्याय ने कहा कि अब बदलते समय में हमें (श्रम) को लाइफलांग रहना है, तो समयानुसार अपनी तकनीकी कुशल योग्यता बढानी होगी, लेकिन सवाल यह है कि इस योग्यता को बढाने की जिम्मेदारी न तो वर्कर उठा सकता है और न ही उद्योगपति। इसलिये राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड ने यह जिम्मेदारी उठाई है, अब इसके लिये हमको श्रम को डिजिटल प्लेटफार्म पर लाना होगा ताकि श्रमिक अपने काम के साथ ही आधुनिक परिवर्तित तकनीक अपना सकें। बोर्ड ने इसके लिये विश्वस्तरीय संस्था आईएलओ से भी अनुबंध किया है। अभी हम असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भी ट्रेंड कर उन्हें कामकाज की स्थिति बेहतर बनायेंगे। उपाध्याय के अनुसार अभी तक ई श्रम कार्ड के तहत भारत में 29 करोड श्रमिक पंजीकृत हुये हैं। विशेष बात यह है कि दुनियां के सारे देश भारत से वर्कर चाहते हैं , हमारे यहां वर्कर सरप्लस हैं, लेकिन हमें अपने वर्कर को दुनियां के स्टेंडर्ड लेबल पर लाने के लिये प्रशिक्षण देना होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478